




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 153 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 05 मार्च 2025 डाक 06 मार्च 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के वनतारा में वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र का उद्घाटन और दौरा किया



**देश-विदेश**

बीड जिले में अपना प्रभुत्व कायम करना चाहता था हत्यारोपी कराड, चार्जशीट में बड़ा खुलासा



**फीचर पेज**

रोजमर्रा की कई समस्याओं का समाधान बन सकता है नींबू के छिलकों का इस्तेमाल




# चंडीगढ़ आ रहे किसानों को पुलिस ने रोका लगा भीषण जाम, सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त

**चंडीगढ़ 05 मार्च।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने आज चंडीगढ़ में आंदोलन करने का ऐलान किया है। चंडीगढ़ पहुंचने से पहले पुलिस ने किसानों को रोक लिया है। आंदोलन के मद्देनजर चंडीगढ़ पुलिस ने शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों के लिए यातायात डायवर्जन लागू किया है, जिसके कारण जीरकपुर-चंडीगढ़ मार्ग पर भीषण जाम लग गया है। कई जगहों पर पुलिस वाहनों की चेकिंग भी कर रही है। मुक्तसर से चंडीगढ़ के लिए रवाना हुए किसान पुलिस ने बठिंडा रोड गांव भलाईआना में रोक रखे हैं। पुलिस किसानों को आगे नहीं बढ़ने दे रही है। पटियाला में पुलिस ने किसानों के चंडीगढ़ में पक्का मोर्चा लगाने की घोषणा के चलते सुरक्षा के कड़े प्रबंध कर दिए हैं ताकि किसान चंडीगढ़ ना पहुंचे सकें। चंडीगढ़ मुल्लापुर



बैरियर पर पुलिस तैनात कर दी गई है। पंजाब की तरफ से आने वाली हर गाड़ी की जांच कर ही उसे चंडीगढ़ के अंदर जाने दिया जा रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के आज चंडीगढ़ की ओर मार्च पर किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि हमारे करीब 18 जिलों में कार्यक्रम होंगे। अकेले अमृतसर में 21 जगहों पर हम भगवंत मान के पुतले जलाएंगे। आज का कार्यक्रम पूरे पंजाब में सैकड़ों जगहों पर किया जाएगा। एसकेएम की पंजाब यूनियन के नेता को किसान मजदूर मोर्चा के नेतृत्व के साथ हिरासत में लिया गया है। आज का आंदोलन किसानों के मानवाधिकार उल्लंघन के खिलाफ है। यह शांतिपूर्ण तरीके से किया जाएगा। हम मांग करते हैं कि गिरफ्तार किए गए सभी किसानों को रिहा किया जाए। किसान मजदूर संघर्ष समिति के नेता गुरबचन सिंह छाबा ने कहा कि पंजाब में भगवंत मान सरकार किसानों के साथ बैठक छोड़कर चली गई। हमने ऐसा सीएम पहली बार देखा है, जो किसानों के साथ बैठक बीच में छोड़कर चला जाता है। कोई ऐसा जो किसान नेताओं के घरों पर छापेमारी करवाता है, उन्हें उनके घरों में नजरबंद करता है और कुछ अन्य को पुलिस स्टेशनों पर हिरासत में लेकर उन्हें गिरफ्तार करवाता है। उन्होंने कहा कि भगवंत मान सरकार किसानों के मानवाधिकारों का उल्लंघन करने के लिए केंद्र के हाथों में खेल रही है। लोग इसे कभी स्वीकार नहीं करेंगे। हम भगवंत मान का पुतला जलाएंगे। उन्होंने कहा कि हम मांग करेंगे कि किसानों को विरोध करने की अनुमति दी जाए और उनकी मांग पूरी की जाए। हमारी मांगें गैरकानूनी नहीं हैं...हम इस सरकार की निंदा करते हैं। हमारा विरोध हमेशा शांतिपूर्ण होता है। किसानों द्वारा चंडीगढ़ की ओर मार्च निकाले जाने पर चंडीगढ़ की एसपी गीतांजलि खंडेलवाल ने कहा कि हमने चंडीगढ़ की सभी सीमाओं पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया है, बैरिकेडिंग की गई है। सभी स्थानों पर कड़ी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी रूट डायवर्जन के लिए प्रयास कर रहे हैं और लोगों को कम से कम असुविधा हो।

## गोविंदघाट में अचानक टूटी पहाड़ी, हेमकुंड साहिब को जोड़ने वाला पुल हुआ क्षतिग्रस्त



**ज्योतिर्मठ 5 मार्च।** चमोली जिले में आज बुधवार सुबह गोविंदघाट के पास अचानक पहाड़ी टूट गई, जिससे हेमकुंड साहिब को जोड़ने वाला पुल क्षतिग्रस्त हो गया। चमोली जिले में हिमस्खलन का खतरा बरकरार है। मौसम विभाग ने आठ मार्च से मौसम में बदलाव के संकेत दिए हैं। चमोली जिले में इससे पहले भी मौसम खराब रहा। बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश हुई। इससे जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। हालांकि पूर्वाह्न 11 बजे मौसम सामान्य हुआ और धूप खिली लेकिन देर शाम को फिर मौसम खराब हो गया।

## आयकर विभाग की रेड जारी, डिजिटल डेटा जब्त

**रायपुर।** मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में आयकर विभाग की बड़ी छापेमारी लगातार दूसरे दिन भी जारी है। रामा ग्रुप और रामा उद्योग के विभिन्न ठिकानों पर आयकर अधिकारियों ने दबिश दी है। यह कार्रवाई सतना, रायपुर, जगदलपुर और रायगढ़ समेत कई शहरों में की जा रही है। रायपुर के 04, जगदलपुर के 03, रायगढ़ के 01, सतना के 02 प्रमुख ठिकानों पर छापेमारी कार्रवाई जारी हैं जबलपुर और भोपाल की आयकर विभाग की टीमों द्वारा दबिश दी गई हैं। आयकर विभाग की यह छापेमारी कर चोरी, संदिग्ध वित्तीय लेन-देन और अनियमितताओं की जांच के लिए की जा रही है। शुरुआती जांच में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल डेटा जब्त किए गए हैं, जिनकी गहन जांच की जा रही है। जबलपुर और भोपाल की आयकर विभाग की विशेष टीमों ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया हैं। विभिन्न ठिकानों पर आर्थिक अनियमितताओं, बेनामी संपत्तियों और टैक्स चोरी से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस जांच में कई अहम सुराग मिले हैं और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।




## बारामूला में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला आसपास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन जारी



**श्रीनगर, 05 मार्च [एजेंसी]।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला में मंगलवार-बुधवार की रात ओल्ड टाउन पुलिस पोस्ट पर ग्रेनेड हमला हुआ। किसी के हताहत होने या नुकसान की खबर नहीं है। मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है और इलाके में तथा उसके आसपास तलाशी अभियान जारी है। ब्लास्ट की वजह से लोगों में डर का माहौल है।

## सीएम नायडू के भाई की कार दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर में मारी टक्कर, मची चीख-पुकार

**गालूडीह, 05 मार्च [एजेंसी]।**

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के चचेरे भाई की कार झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के गालूडीह में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सीएम के चचेरे भाई रेंद बाबू नायडू, एक पूर्व विधायक व उनकी पत्नी सवार थे। दुर्घटना के बाद आनन फानन में गालूडीह थाना की पुलिस पहुंची व कार में सवार सीएम के रिश्तेदारों को दूसरे वाहन से आगे रवाना करवाया। जानकारी के मुताबिक बिहार के गया से आंध्रप्रदेश जाने के क्रम में गालूडीह प्राचीन रंकिणी मंदिर के समीप ओवरब्रिज के उपर टाटा - खड़गपुर नेशनल हाईवे 18 पर कार एक कंटेनर से टकरा गई।

इससे कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में कार में सवार लोग बाल बाल बचे।जिले के एसएसपी की सूचना पर अहले सुबह चार बजे गालूडीह थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश घटनास्थल पर स्थल पहुंचे व सभी को दूसरे वाहन से रवाना किया गया है। पुलिस के द्वारा जानकारी लेने के क्रम में रेंद बाबू नायडू ने अपना परिचय सीएम के चचेरे भाई के रूप में दी। इसके बाद पुलिस ने उन्हें दूसरे वाहन से सुरक्षित झारखंड सीमा तक पहुंचाकर आगे के थाना को भी सूचित किया है।

### *औरंगजेब की तारीफ कर बुरे फंसे एसपी विधायक अबू आजमी, महाराष्ट्र विधानसभा से हुए सस्पेंड*

***मुंबई।*** *औरंगजेब पर टिप्पणी करना महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी को काफी महंगा पड़ा है। अबू आजमी को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया है। उन्हें मौजूदा बजट सत्र से निलंबित कर दिया गया है। अबू आजमी ने औरंगजेब को कुशल प्रशासक बताया था। उन्होंने कहा था कि औरंगजेब में मंदिर के साथ-साथ मस्जिद भी तोड़ा था।*

## झारखंड में नक्सलियों का बड़ा हमला, आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ के 3 जवान घायल, सभी रांची रेफर



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा बीहड़ में नक्सली के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च आपरेशन के दौरान छोटानागरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बलिबा के समीप जंगल मे सुबह नक्सलियों के द्वारा जवानों को नुकसान पहुंचाने को लेकर पूर्व के दिनों में लगाए गए आईडी ब्लास्ट हो गया। इस ब्लास्ट में सीआरपीएफ के 3 जवानों के घायल होने की भी सूचना है। घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए रांची भेजने के लिए हेलीकॉप्टर भी मंगवाया गया है। विस्फोट में कंपनी कमांडर जी जे साई, आपरेटर व एक जवान जख्मी हुआ है । ये सीआरपीएफ 197 बटालियन की डी कंपनी के जवान हैं ।हालांकि, इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नही हो सकी है। लेकिन कोल्हान और सारंडा क्षेत्र से नक्सलियों की पूरी तरह सफाया को लेकर सीआरपीएफ, जिला पुलिस, कोबरा बटालियन लगातार अभियान चला कर नक्सलियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है।साथ ही नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी बम और नक्सली डंप को ध्वस्त किया जा रहा है। इससे बौखलाए नक्सली सर्च आपरेशन में लगे सुरक्षा बल के जवानों को लगातार टारगेट किए हुए हैं। वहीं एक अन्य घटना में बीते मंगलवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला के टोंटो थाना अंतर्गत हुसिपि गांव के पहाड़ी क्षेत्र से सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाया गया विस्फोटक समेत नक्सलियों के डम्प से हथियार, गोली, नक्सली बैनर समेत अन्य समाग्री बरामद करने में चाईबासा पुलिस व सीआरपीएफ 60 बटालियन को कामयाबी मिली है।इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने कहा कि प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा, कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है।

## भारत से मिली हार का गम नहीं झेल पाए स्टीव स्मिथ, अचानक ओडीआई को कहा अलविदा



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान स्टीव स्मिथ ने वनडे क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया। भारतीय टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से धूल चटाई।इस मैच में मिली हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम को एक और बड़ा झटका स्टीव स्मिथ ने दिया। स्टीव स्मिथ ने वनडे से संन्यास ले लिया। हालांकि, वह टेस्ट और टी20 में खेलते हुए नजर आएंगे। स्टीव स्मिथ ने न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहा कि यह शानदार सफर रहा और मैंने हर एक मिनट का आनंद लिया। बहुत सारे अद्भुत समय और अद्भुत यादें रही हैं। दो विश्व कप जीतना एक बड़ा आकर्षण था। साथ ही कई शानदार टीम-साथियों ने भी इस जर्नी को शेयर किया। दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई टीम के स्टार बैटर स्टीव स्मिथ ने भारत के खिलाफ मिली हार के बाद वनडे क्रिकेट को अलविदा कह दिया।

## चित्रकूट में बड़ा हादसा, पिकअप को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, चार की मौत व छह घायल

**चित्रकूट, 05 मार्च [एजेंसी]।**



झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर शिवरामपुर कस्बे के पास पिकअप को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पिकअप में सवार चार महिलाओं की मौत हो गई जबकि छह लोग घायल है सभी को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुर में भर्ती कराया गया है। यह घटना बरुआ नदी पुल के पास बुधवार की सुबह करीब पांच बजे हुई। पिकअप यात्रियों को लेकर प्रयागराज से जनपद बांदा के कालिंजर जा रही थी। हाईवे पर ओवर टेक करने के दौरान किसी अज्ञात वाहन ने पिकअप में टक्कर मार दी जिससे वह पलट गया। जिससे उसमें सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। वहां से गुजर रहे वाहनों के लोगों ने पुलिस को सूचना दी चौकी प्रभारी सनी चतुर्वेदी ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुर में भर्ती कराया।

जिसमें बांदा थाना कालिंजर के गाडियां निवासी 60 वर्षीय कुसमा पत्नी हरीराम, सड़ा निवासी 60 वर्षीय केशर पत्नी श्रीकेशन व 21 वर्षीय पुत्री सपना और मध्य प्रदेश जिला पन्ना थाना चंद्रा के खरबा निवासी सुनील की 14 वर्षीय पुत्री मनु की मौत हो गई। चौकी प्रभारी ने बताया कि 62 वर्षीय शकुंतला, 65 वर्षीय किशन, 35 वर्षीय वंदना और 16 वर्षीय भोले का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## मायावती का बड़ा फैसला, आकाश आनंद के पिता को बीएसपी के नेशनल कोऑर्डिनेटर पद से हटाया, किसे सौंपी जिम्मेदारी?

**नई दिल्ली।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने आकाश आनंद के पिता आनंद कुमार को नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद से हटा दिया है। दो दिन पहले ही उन्हें इस पद की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। आनंद कुमार की जगह पर अब पार्टी ने सहारनपुर के रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद पर नियुक्त किया है। बसपा प्रमुख मायावती ने यह जानकारी सोशल मीडिया पर पर साझा की है। मायावती ने कहा, काफी लम्बे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बीएसपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनन्द कुमार, जिन्हें अभी हाल ही में नेशनल कोआर्डिनेटर भी बनाया गया था, उन्होंने पार्टी व मूवमेन्ट के हित के मद्देनजर एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत है। ऐसे में आनन्द कुमार पहले की ही तरह बीएसपी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए सीधे मेरे दिशा-निर्देशन में पूर्ववत अपनी ज़िम्मेदारियों को निभाते रहेंगे। और अब उनकी जगह यूपी के ज़िला सहारनपुर निवासी रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोआर्डिनेटर की नई जिम्मेदारी दी गयी है।



## बोफोर्स मामले में नया मोड़

### सीबीआई ने अमेरिका को लिखी चिट्ठी हर्शमैन को लेकर मांगी जानकारी



**नई दिल्ली 05 मार्च ।** बोफोर्स रिश्वत कांड की जांच में नया मोड़ आ सकता है। दरअसल सीबीआई ने अमेरिका के निजी जांचकर्ता माइकल हर्शमैन से जानकारी मांगी है। इसे लेकर सीबीआई द्वारा अमेरिका को न्यायिक अनुरोध पत्र भी भेजा गया है। माइकल हर्शमैन ने बोफोर्स रिश्वत कांड के बारे में भारतीय जांच एजेंसियों के साथ महत्वपूर्ण जानकारी साझा करने की इच्छा व्यक्त की थी। फेयरफैक्स समूह के प्रमुख माइकल हर्शमैन साल 2017 में भारत दौरे पर आए थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया था। इन कार्यक्रमों में जब उनसे बोफोर्स रिश्वत कांड को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने दावा किया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने घोटाले की जांच को पटरी से उतार दिया था और उन्होंने सीबीआई के साथ बोफोर्स मामले से जुड़ी अहम जानकारी साझा करने की इच्छा जाहिर की थी। माइकल हर्शमैन ने दावा किया था कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने उन्हें साल 1986 में विदेश में भारतीयों द्वारा मुद्रा नियंत्रण कानून के उल्लंघन और धन शोधन मामले की जांच के लिए नियुक्त किया था। इन मामलों में कुछ बोफोर्स सौदे से भी जुड़े थे। इनकी जांच के दौरान उन्हें अहम जानकारी मिली। हर्शमैन के दावे पर सीबीआई ने वित्त मंत्रालय से उन दस्तावेजों की मांग की, जो हर्शमैन की जांच से जुड़े थे।

## मुथालिक ने शिवमोग्गा में प्रवेश प्रतिबंध रोका



**कर्नाटक।** हाईकोर्ट ने शिवमोग्गा जिला कलेक्टर के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें श्री राम सेने के अध्यक्ष प्रमोद मुथालिक को लव जिहाद पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में शामिल होने और शिवमोग्गा जिले में प्रवेश करने से रोक दिया गया था। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना की अध्यक्षता वाली एकल पीठ ने मंगलवार को इस संबंध में प्रमोद मुथालिक द्वारा दायर रिट याचिका पर सुनवाई की।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## उन्नति चौपाल ने महिलाओं को बनाया सशक्त

# बालको सीएसआर के तहत क्षमताओं और कौशल को निखारने पर कर रही काम

**कोरबा-बालकोनगर।** वेदांता समूह की कपंनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) की उन्नति परियोजना के अंतर्गत फूड कोर्ट उन्नति चौपाल का उद्घाटन बालको लेडीज क्लब की अध्यक्ष सुश्री मनीषा कुमार द्वारा किया गया। समुदाय में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। बालको कोऑपरेटिव, सेक्टर-1, बालकोनगर में स्थित चौपाल को महिलाओं द्वारा संचालित एक फूड कोर्ट है। यह सोमवार से शनिवार, शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा। बालकोनगर के लोग स्वादिष्ट व्यंजन आनंद ले पाएंगे। उन्नति चौपाल महिलाओं को उनके व्यंयजन कौशल और उद्यमशीलता की भावना को प्रदर्शित करने के लिए एक बेहतर मंच है।

उन्नति चौपाल, उन्नति परियोजना के तहत स्थापित खाद्य सूक्ष्म उद्यम इकाई 'छत्तीसा' के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसने इन महिलाओं को सूक्ष्म उद्यम को सफलतापूर्वक चलाने के लिए आवश्यक कौशल, अनुभव, वित्तीय, व्यवसाय और प्रबंधन कौशल प्रदान किया है। उन्नति चौपाल को शुरू करने से पहले महिलाओं को विभिन्न प्रकार के सैंडविच, वड़ा, मंगोड़ी, खाजा, सलोनी आदि सहित पारंपरिक और फास्ट-फूड व्यंजनों को तैयार करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षित महिलाएं चौपाल के अलावा बालको प्लांट के भीतर लॉन्च किए गए 'उन्नति कैफे ऑन व्हील्स' फूड ट्रक के माध्यम से सेवा दे रही है। छत्तीसा इकाई एफएसएसआई प्रमाणित है।



फूड कोर्ट में स्टिच ए सैंडविच जिसमें बॉम्बे मसाला से लेकर क्लासिक ग्रिल्ड सैंडविच जैसी रेंज शामिल हैं। यही पर उनाटी के अंतर्गत देसी कड़क, स्ट्रॉबेरी, चॉकलेट चाय और विभिन्न स्वाद वाली चाय उपलब्ध है जो चाय प्रेमियों के लिए बेहतर स्थान है। चाइना टाउन पर स्वादिष्ट मंचूरियन पुरानी दिल्ली पर चाट और गोलगप्पे खाने को मिलता है। उन्नति चौपाल स्थानीय सामुदाय समारोह के 'चौपाल' से प्रेरित है जहाँ कुछ चाय और नाश्ते के साथ विचारों का आदान-प्रदान होता है। यह सभी उम्र के लोगों के लिए एक लोकप्रिय खाद्य स्थान बनेगा जो सामाजिक संपर्क और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए एक स्वागत योग्य स्थान प्रदान करता है।प्रोजेक्ट उन्नति का उद्देश्य महिलाओं को स्व सहायता समूह में शामिल करने और उन्हें सशक्त बनाने तथा उद्यमिता और स्थायी आजीविका के निर्माण के लिए उनकी क्षमताओं और कौशल को निखारने पर केंद्रित है। 534 से अधिक एसएचजी, जिनमें 5,800 से अधिक महिलाएं शामिल हैं, जो परियोजना के विभिन्न प्रशिक्षण से लाभान्वित हो रही हैं। माइक्रो एंटरप्राइज द्वारा फूड ट्रक 'उन्नति कैफे ऑन व्हील्स' और उना टी शॉप 'चाय बिहान' का कलेक्ट्रेट में संचालित किया जा रहा है। इन परियोजना के जरिए महिलाओं को अनेक गतिविधियों से जोड़ा गया है जो उन्हें आजीविका प्राप्त करने और खुद के पैरों पर खड़े होने में सहायक बना। परियोजना को वर्तमान में जीपीआर स्ट्रैटेजीज एंड सॉल्यूशंस के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है, जो सामुदायिक और सामाजिक सेवाओं के लिए समर्पित एक गैर-सरकारी संगठन है।

## जिले के वरिष्ठ पत्रकार रवि पी. सिंह को उत्कृष्ट कार्य के लिए स्वर्ण पदक से किया गया सम्मानित

**कोरबा ।** भारतीय जनरल कांन्फ्रेस मेनोनाइट कलीसिया, मुख्यालय बेतेल मंडली जगदीशपुर जिला महासमुंद में आयोजित 3 दिवसीय 101वें वार्षिक अधिवेशन में भारतीय जनरल कांन्फ्रेस मेनोनाइट चर्च के पदाधिकारी, इवेन्जीलिकल ट्रस्ट ऐसोशिएशन ऑफ नार्थ इंडिया के स्पेशल पावर आफ एटार्नी एजेंट द्वारा जिले के वरिष्ठ पत्रकार रवि पी. सिंह को उनके उत्कृष्ठ सामाजिक कृत्य कार्यों के लिए 101वें वार्षिक अधिवेशन के दौरान कलीसिया सभापति अनिमेष सिंग बढ़ई, कलीसिया सचिव डीकन पी.के. बाघ एवं कलीसिया उप सभापति डीकन अटल अमित बाघ द्वारा स्वर्ण पदक से अंलकृत कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय हैं की जी. सी. एम. एम. के स्थापना के बाद कलीसिया के इतिहास में प्रथम स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले प्रथम पत्रकार रवि पी. सिंह हैं।



## पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल का जन्मदिन निवास पर मनाया गया

### शुभकामनाएं व्यक्त करने वाले लोगों का लगा रहा तांता

**कोरबा।** कोरबा नगर पालिक निगम की पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल का जन्मदिन निज निवास पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों का शुभकामनाएं व्यक्त करने के लिए तांता लगा रहा। हर किसी के सुख-दुःख में शामिल होनेवाली रेणु अग्रवाल की लोकप्रियता समूचे कोरबा अंचल के हर वर्ग में है और यही वजह है कि हर कोई उनके स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु जीवन के लिए शुभकामनाएं व्यक्त करने के लिए निवास पर पहुंचा। शुभकामनाएं व्यक्त करने के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व महापौर राजकिषोर प्रसाद, पूर्व सभापति श्यामसुंदर सोनी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सपना चौहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, पार्षद मुकेश राठौर, कृपाराम साहू, अविनाश बंजारे, सुखसागर निर्मलकर, बद्रीकिरण, पूर्व पार्षद गीता किरण, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री शांता मंडावे, द्रौपदी तिवारी, लक्ष्मी महंत, शषि अग्रवाल, सरस्वती कंवर, कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल, हरिदास, लक्ष्मी देवांगन, सुधीर सक्सेना, अमरदास, यशवंत चौहान, अधिवक्ता संजय शाह, आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज में गणित व कंप्यूटर साइंस की सीट में की गयी कटौती

### स्वीकृत सीट 60-60 के स्थान पर कमी कर 30-30 करने की अनुशंसा

**कोरबा ।** कोरबा जिले के दो सहित प्रदेश भर के 38 शासकीय महाविद्यालयों में गणित-विज्ञान, बीसीए और वाणिज्यसहित विभिन्न पाठ्यक्रमों की स्थिति डावांडोल है। ऐसे में कुछ महाविद्यालय जहां बंद हो गए, तो किसी का विलय करने की दशा निर्मित हुई। इनके अलावा खासकर गणित विषय में प्रवेश निरंक या प्रवेशित विद्यार्थियों के मुकाबले उत्तीर्ण की संख्या कम हो गई। ऐसे में उन महाविद्यालय में या तो स्वीकृत सीट संख्या आधी अथवा घटाई जा रही है, तो कोरबा के उमरेली जैसे महाविद्यालय में समूह को ही बंद किया जा रहा है। जिले के जिन उच्च शिक्षण संस्थाओं में गणित और कंप्यूटर सांइस की अकादमिक स्थिति चिंताजनक है, उनमें उपलब्ध सीटों की संख्या में कटौती पर विचार किया जा रहा है। पोषक शाला अभियान के तहत प्रस्तुत रिपोर्ट में फिलहाल दो शासकीय महाविद्यालय शामिल हैं। इनमें शासकीय मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज और शासकीय नवीन महाविद्यालय उमरेली का भी नाम है। मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज में गणित संकाय में प्रवेश एवं उत्तीर्ण की संख्या निम्न होने के कारण गणित व कंप्यूटर साइंस में स्वीकृत सीट 60-60 के स्थान पर कमी कर 30-30 करने की अनुशंसा की गई है। इसी तरह उमरेली महाविद्यालय में पिछले दो वर्षों से प्रवेश संख्या निरंक है। पोषक शालाओं में भी इस विषय में प्रवेश न्यूनतम है। इसलिए यहां गणित समूह को बंद करने की अनुशंसा की गई है। जिले के महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों और उनमें उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों की अकादमिक स्थित पर की गई समीक्षा में कुछ संस्थाओं से निराशाजनक नतीजे सामने आए हैं। इनमें शहर के मध्य संचालित कोरबा जिले के एकमात्र कन्या महाविद्यालय, मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज और शासकीय महाविद्यालय उमरेली शामिल हैं। इन महाविद्यालयों में खासकर गणित समूह में अध्ययन-अध्यापन और उसके परिणाम को लेकर संतुष्टिजनक परिणाम नहीं मिल सके हैं। पोषक शाला अभियान की रिपोर्ट के अनुसार मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज में गणित संकाय में प्रवेश एवं उत्तीर्ण की संख्या निम्न होने के कारण गणित एवं कंप्यूटर साइंस में स्वीकृत सीट 60-60 के स्थान पर कमी कर 30-30 करने की अनुशंसा की गई है। इसी तरह उमरेली कॉलेज में पिछले दो वर्षों से प्रवेश संख्या निरंक है। पोषक शालाओं में भी इस विषय में प्रवेश न्यूनतम है।

## सीजी बोर्डःअंग्रेजी की परीक्षा में 104 विद्यार्थी अनुपस्थित

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित परीक्षा वर्ष 2025 के अंतर्गत 12वीं बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ हो गई है। जिले में परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों पर नियंत्रण लगाने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न दलों का गठन कर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। मंगलवार को 12वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के लिए दर्ज कुल छात्रों की संख्या 9143 है। इसमें से 9039 विद्यार्थी उपस्थित व 104 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

## आयुष्मान में तय पैकेज से ज्यादा रकम की मांग करने वालों पर होगी कार्यवाही

### टोल फ्री नंबर 104 व 14555 पर कॉल कर दर्ज करा सकते है परेशानी

**कोरबा ।** आमजनों को अच्छे अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा मुहैया कराने के लिए सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना से लाभान्वित करने के लिए पात्र लोगों को सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड जारी किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान योजना में देश के बड़ी संख्या में अस्पताल रजिस्टर्ड हैं। सरकारी या आयुष्मान योजना के पैनल में शामिल किसी भी निजी अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारक अपना इलाज करा सकता है। इस कार्ड में सभी बीमारियों के लिए पैकेज तय है। निर्धारित पैकेज से ज्यादा कोई भी अस्पताल रकम नहीं ले सकता है। सीएमएचओ ने बताया कि किसी भी अस्पताल द्वारा तय पैकेज से ज्यादा की रकम लिए जाने की स्थिति में पीड़ित आयुष्मान के नोडल अधिकारी से सम्बंधित संस्थान/व्यक्ति के विरुद्ध लिखित शिकायत कर सकते हैं। पीड़ित द्वारा अपनी कराई गई बिमारी के इलाज के सम्बंध में शिकायत में उल्लेख करना आवश्यक है। नोडल अधिकारी द्वारा शिकायत की जाँच गठित टीम द्वारा करायी जाएगी। शिकायत की पुष्टि होने पर ज्यादा वसूली करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। सीएमएचओ ने आमजनों से इलाज हेतु तय पैकेज से ज्यादा रकम की मांग करने वाले अस्पताल के विरुद्ध शिकायत टोल फ्री नंबर 104 और 14555 पर करने का आग्रह किया है। साथ ही पीड़ित संबंधित अस्पताल की जानकारी, पते सहित प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना की आधिकारिक वेबसाईट पर जाकर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सीएमएचओ डॉ केशरी ने जिले के आयुष्मान कार्ड से वंचित लोगों को आधार कार्ड, राशन कार्ड तथा एक्टिव मोबाइल नंबर के साथ चॉइस सेंटर या पंजीकृत अस्पताल में जाकर अनिवार्य रूप से अपना आयुष्मान कार्ड बनवाने का अपील किया है।

## निगम प्रशासन द्वारा संज्ञान ले भरवाए गए जानलेवा गड्ढे

**कोरबा ।** एफएम केबल डालने के लिए सड़क किनारे खोदे गए जानलेवा गड्ढों को नगर निगम द्वारा गड्ढों को भर दिया गया, जिसके पश्चात गड्ढों से परेशान कॉलोनी वासियों ने राहत की सांस ली।

बताया जा रहा हैं की कोरबा नगर के निहारिका क्षेत्र में एक निजी मोबाइल कंपनी के द्वारा एफएम केबल बिछाने का कार्य किया जा रहा था, जिसके लिए विभिन्न जगहों पर 5 से 6 फीट गहरे गड्ढे खोदकर उन्हें यूं ही खुला छोड़ दिया गया था। ठेकेदार द्वारा इस कार्य के लिए नगर निगम कोरबा से परमिशन ली गयी थी। परंतु गड्ढा खोदकर उसके आसपास सुरक्षा संबंधी किसी प्रकार के इंतजाम नहीं किए गए थे, साथ ही गड्ढे से खोदी गई मिट्टी भी सड़क के ऊपर ही छोड़ दी गई थी। गड्ढे की मिट्टी सड़क पर होने के कारण आवागमन में भी भारी परेशानियों का सामना कॉलोनी वासियों को करना पड़ रहा था। इस पर नगर निगम ने संज्ञान लेने पर कॉलोनी में खोदे गए जानलेवा गड्ढों को ठेकेदार द्वारा भर दिया गया। कॉलोनी वासियों ने बताया कि ठेकेदार ने गड्ढे के अंदर पड़े केबल को बाहर निकाल कर गड्ढा भर दिया और आश्वासन दिया है की उक्त स्थान तक केबल बिछाने का कार्य पूर्ण होने के पश्चात ही गड्ढा खोदकर आगे का कार्य किया जाएगा।

## दीपका के कई वार्डों में पीने के पानी की समस्या

### नल नहीं लगने से पानी नहीं मिल रहा

**दीपका//कोरबा।** नगर पालिका परिषद दीपका के कई वार्डों में जल अवर्धन योजना से 20 दिन पहले घरों के बाहर नल कनेक्शन देने गड्ढा किया गया साथ ही मेन पाइप लाइन से जोड़कर अतिरिक्त पाइप निकल गए हैं लेकिन अब तक ना तो टोटी वाले नल लगे और ना ही घरों में पानी की सप्लाई शुरू हुई नल कनेक्शन देने के कार्य की गति धीमी होने से हर गर्मी की तरह इस बार भी नगर पालिका परिषद दीपका के अधिकांश वार्डों में पीने के पानी समस्या से वार्डवासी परेशान होंगे ।

नगर पालिका परिषद दीपका ने पाइप लाइन बिछाने के बाद वार्डों के 10 से 20 घरों के लिए एक नल कनेक्शन दिया हुआ है लेकिन आधा घंटा भी पानी की सप्लाई नहीं होती है नियमित रूप से पानी की आपूर्ति भी नहीं की जाती है कई



बार अधिकांश वार्डों में पानी नहीं पहुंचता जल अवर्धन योजना से काम शुरू होने पर इस साल गर्मी में वार्डवासियों के पीने के पानी की समस्या दूर होने की उम्मीद जगी लेकिन यह काम धीमी गति से होने पर अब तक अधूरा है ।

### दो स्थानों पर पहले ही कर लिया है टंकी का निर्माण

दीपका के स्वामी आत्मानंद स्कूल बजरंग चौक के पास पानी टंकी का निर्माण कराया गया है इसी तरह पाली रोड झाबर के पास पानी टंकी निर्मित है बावजूद इसके कई वार्डों में पीने के पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो पाने से पेयजल की समस्या बनी हुई है ।

## 12वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय का परीक्षा सम्पन्न सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्वक परीक्षा हुआ संचालित

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित परीक्षा वर्ष 2025 के अंतर्गत 12वीं बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ हो गया है। जिले में परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों पर नियंत्रण लगाने हेतु शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न दलों का गठन कर परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। 04 मार्च 2025 को हायर सेकेडंरी स्कूल के अंग्रेजी विषय का परीक्षा संपन्न हुआ। परीक्षा हेतु दर्ज कुल बच्चों की संख्या 9,143 है। जिसमें से 9,039 विद्यार्थी उपस्थित एवं 104 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। उक्त परीक्षा हेतु गठित जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

जिसके अंतर्गत दल क्रमांक 01 द्वारा सेजेस पोड़ी उपरोड़ा, सेजेस गुरसियां, शा.उ.मा.वि. मोरगा का, दल क्रमांक 02 द्वारा सेजेस पाली, सेजेस लाफा, सेजेस पोड़ी(लाफा), शा.उ.मा.वि. पाली शा.उ.मा.वि. सिल्ली, दल क्र. 5 द्वारा शा.उ.मा.वि. उरगा, शा.उ.मा.वि. सरगबुंदिया, शा.उ.मा.वि. कोथारी, शा.उ.मा.वि. फरसवानी, शा.उ.मा.वि. उमरेली एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शा.उ.मा.वि. सुखरीकला, शा.उ.मा.वि. उमरेली कुल 15 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्वक परीक्षा संचालित हुआ एवं एक भी नकल प्रकरण प्राप्त नहीं मिला।

## अर्जुन सिंह की पुण्यतिथिः कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**कोरबा ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन सिंह की पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेताओं ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। प्रगति नगर के व्यावसायिक परिसर में उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। उनके देशहित में किए गए कार्यों को याद किया गया। सांसद प्रतिनिधि पोषक महंत और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री रजनीश तिवारी ने दलितों के लिए अर्जुन सिंह के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। कहा कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विकास में उनकी भूमिका अहम रही। कार्यक्रम में विनोद कुमार बरेठ, अब्दुल रहमान, मदन अग्रवाल, राजेश यादव, अरविंद सिंह और करम सिंह मौजूद रहे। संचालन इंजीनियर चुनेश महंत ने किया। आभार मनोज कंवर ने जताया।

### सृजन सेवा समिति ने किया आभा व आशा का सम्मान

कोरबा। सृजन सेवा समिति द्वारा सोमवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें समिति की ओर से योग साधिका आभा अग्रवाल व भजन गायिका आशा अग्रवाल का सम्मान किया गया। इससे पहले समिति की महिलाओं के लिए गीत, संगीत, नृत्य आदि का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने प्रस्तुति दीं। कार्यक्रम में सृजन सेवा समिति की अध्यक्ष भगवती मोदी, सचिव अनिता सिंघल, कोषाध्यक्ष अनिता मोदी व सदस्य रेखा अग्रवाल, उर्मिला डिडवानिया, शर्मिला अग्रवाल, अंजू जालान, प्रेम अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, सुशीला गुप्ता, इंदु गुप्ता, दुर्गा आदि उपस्थित थीं।

## आंबा कार्यकर्ता-सहायिकाओं का धरना-प्रदर्शन और रैली 7 मार्च को

**कोरबा।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का धरना-प्रदर्शन और रैली का आयोजन 7 मार्च को निकालेंगे। शासकीय कर्मचारी घोषित करने समेत 7 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। घंटाघर कोरबा के पास एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन के बाद दोपहर 2 बजे से कलेक्टोरेट तक रैली निकाली जाएगी। बीएमएस से संबद्ध आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के महामंत्री चंपा पैकरा ने सौंपे ज्ञापन में 7 सूत्रीय मांग पत्र भी दिया है। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को शासकीय कर्मी घोषित करने की प्रमुख मांग भी शामिल है।

इसके साथ ही जब तक यह मांग पूरी नहीं की जाती है, श्रम कानून के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को न्यूनतम पारिश्रमिक 21 हजार व सहायिका को 18 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय के भुगतान की मांग की है। अतिरिक्त कार्य नहीं कराने, विभागीय कार्यावधि में छूट, कार्य के संपादन के लिए नेट चार्ज व अच्छी स्टोरेज की मोबाइल फोन समेत अन्य मांगें भी शामिल है। धरना व रैली को सफल बनाने आंगनबाड़ी केन्द्रों के कार्यकर्ता व सहायिकाओं की बैठक हुई, जिसमें लंबित मांग समेत 7 सूत्रीय मांगों की जानकारी दी। साथ ही तय तारीख को प्रस्तावित धरना व रैली को सफल बनाने आग्रह किया है।

### छात्र-छात्राओं को रोचक ढंग से पढ़ाने के टिप्स दिए

**कोरबा।** गवर्नमेंट मिडिल स्कूल लखनपुर में पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक स्तरीय टीएलएम-एफएलएन मेला का आयोजन मंगलवार को किया गया। मुख्य अतिथि डाइट प्राचार्य रामहरि सराफ थे। अध्यक्षता डीएमसी मनोज पाण्डेय ने किया। इस दौरान एसआरजी प्रिया दुबे, ज्योति श्रीवास, श्रद्धा शर्मा, उत्तरा साहू, ब्लॉक प्रभारी संतोष कर्ष, लखनपुर हाई स्कूल के प्राचार्य प्रेम कुमार कंवर उपस्थित रहे।

### जाति प्रमाण-पत्र बनवाने में हो रही परेशानी : लखन

**कोरबा।** सहीस समाज सेवा समिति कोरबा के अध्यक्ष लखन लाल सहीस का कहना है कि राज्य शासन से सर्कुलर जारी होने के बाद भी सईस, सहीस, सारथी, सूत-सारथी व थनवार जाति के लोगों को अनुसूचित जाति वर्ग का जाति प्रमाण-पत्र बनवाने में परेशानी आ रही है। तहसील कार्यालय में मिसल दस्तावेज में जाति अंकित नहीं होने से अनुसूचित जाति वर्ग का जाति प्रमाण-पत्र नहीं बनने की बात कही जा रही है। राजस्व रिकार्ड में अंकित जाति घासी, घसिया के आधार पर सूत सारथी, सारथी, सहीस व थनवार जाति का अनुसूचित जाति प्रमाण-पत्र बनाया जाए। लखन ने तिलक भवन में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि 6 मई 2016 को केन्द्र सरकार ने असाधारण राजपत्र में विभिन्न राज्यों के अनुसूचित जाति, जनजाति, संविधान संशोधन अधिनियम 2016 प्रसारित किया। संशोधन में छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जाति घासी, घसिया के साथ सईस, सहीस, सारथी, सूत-सारथी व थनवार को प्रतिस्थापित किया है। इसके बाद छत्तीसगढ़ के आदिम जाति व अनुसूचित जाति विकास विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टरों को अनुपालन के लिए सर्कुलर जारी किया है। इसके बाद जाति प्रमाण-पत्र बनाने में तकनीकी बाधा यह आई कि प्रतिस्थापित जाति के जाति प्रमाण-पत्र बनवाने संबंधी मिसल दस्तावेज में उक्त जाति दर्ज नहीं है। इसका समाधान राज्य शासन के 2012-13 में परिपत्र जारी कर किया है। इसमें अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के प्रति अपमानजनक शब्दों का उपयोग नहीं करने से जुड़ा हुआ है। इसके अनुसार सरल कमांक 14 के जाति के पूर्वजों के मूल राजस्व दस्तावेज में अंकित जाति के आधार पर सतनामी सूर्यवंशी, रामनामी और अहिरवार का जाति प्रमाण-पत्र जारी करने पर उनके संवैधानिक

## छात्रों से अपील : छतों पर मिट्टी के बर्तनों में पक्षियों के लिए रखें पानी

कोरबा । गवर्नमेंट हाई स्कूल स्याहीमुड़ी में वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण सुधार पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की कोरबा इकाई ने विश्व वन्यजीव दिवस पर आयोजित किया। महुआ बीनने वालों को आग लगाकर महुआ इकट्ठा करने से मना किया गया। समझाया गया कि बिना आग लगाए भी महुआ एकत्र किया जा सकता है। जंगल में पिकनिक मनाने वालों से कचरा न फैलाने और पॉलिथीन न फेंकने की अपील की गई। जंगल में जानबूझकर आग लगाने से होने वाले नुकसान को भी बताया गया। विज्ञान सभा की संयुक्त सचिव निधि सिंह ने कहा कि यह क्षेत्र हाथी प्रभावित है।

स्थानीय लोगों से अपील की गई कि हाथियों से जुड़ी कोई भी सूचना तुरंत वन विभाग को दें। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत बताया गया कि किसी भी वन्यजीव को बंधक बनाना या शिकार करना अपराध है। उन्होंने अंब्रेला स्पीशीज और विलुप्तप्राय श्रेणी के वन्यजीवों की जानकारी दी। संस्था की प्राचार्य डॉ. फरहाना अली ने खाद्य शृंखला के महत्व को समझाया। बताया कि हर जीव पर्यावरण संतुलन के लिए जरूरी है। छोटे कीट भी इसमें अहम भूमिका निभाते हैं। छात्र-छात्राओं से अपील की गई कि वे अपनी छतों पर मिट्टी के बर्तनों में पक्षियों के लिए पानी रखें, ताकि गर्मी में उन्हें पानी मिल सके।



कार्यक्रम में शामिल स्कूल के छात्र व अन्य।

## दो साल पहले जटगा तो अब उमरेली के नवीन कॉलेज में बंद होगी गणित विषय की पढ़ाई

**कोरबा।** जिले के कॉलेजों में घटती छात्रों की संख्या शिक्षा जगत के लिए चिंता का विषय बन गई है। उच्च शिक्षा विभाग जहां कॉलेजों की संख्या लगातार बढ़ा रहा है, वहीं छात्रों की संख्या नहीं बढ़ रही है। छात्रों की संख्या बढ़ाने गवर्नमेंट कॉलेजों ने पोषक शाला अभियान शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान चलाया।परीक्षा से पहले चलाए गए इस अभियान से पोषक शालाओं में 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या, छात्र किस-किस विषय को प्राथमिकता देते हैं, पोषक स्कूलों में छात्र कहां से पहुंचते हैं, 12वीं उत्तीर्ण होने के बाद अपने नजदीकी कॉलेजों में एडमिशन लेते हैं या नहीं, उनकी संख्या होती है, इसे लेकर गहन अध्ययन के साथ प्रचार-प्रसार किया गया। इसकी रिपोर्ट संभागवार तैयार कराई गई है। इसमें जो मूल बात सामने आई हैं, उसमें छात्रों का गणित विषय में रुचि नहीं होना है। इसके कारण नए कॉलेजों में छात्रों की संख्या इस संकाय में नहीं के बराबर होने लगी है। इसका उदाहरण जिले में 6 साल पहले पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक में शुरू हुआ गवर्नमेंट नवीन कॉलेज जटगा है, जहां दो साल पहले ही छात्रों के प्रवेश नहीं लेने से गणित संकाय को बंद कर दिया गया है। अब यह स्थिति आगामी वर्ष में करतला ब्लॉक के गवर्नमेंट नवीन कॉलेज उमरेली की होने वाली है। चालू शैक्षणिक सत्र में वहां गणित संकाय लेकर बीएससी करने वाले एक भी छात्र नहीं हैं, जिसके कारण नए सत्र से इस संकाय को जटगा की तरह उमरेली में भी बंद करने की अनुशंसा की गई है। इससे तय है कि नए शिक्षा सत्र में उमरेली कॉलेज में केवल बीए व बीकॉम ही लेकर छात्र पढ़ाई कर सकेंगे।

# समृद्धि किस प्रकार से आयेगी, प्रशासन ने बैठक लेकर टिप्स दिए



**सक्ती।** कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिला अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों, राजस्व मामलों, सहकारिता, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगरीय प्रशासन, पंचायत व ग्रामीण विकास सहित अन्य विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को पटवारियों और आरआई के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और राजस्व मामलों में सुधार लाने के निर्देश दिए। सहकारिता विभाग के तहत 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए पंचायतों को सहकारी समितियों से आच्छादित करने की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत स्वीकृत, पूर्ण, प्रगतिरत और अप्रारंभ आवासों की स्थिति का निकायवार ब्यौरा लिया और निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने को कहा। पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग के तहत मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यों की गुणवत्ता और गति बढ़ाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के तहत आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए बाकी कार्ड निर्माण के लिए विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही सिकल सेल एनीमिया एलिमिनेशन मिशन और चिरायु योजना की समीक्षा भी की गई। महिला व बाल विकास विभाग के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की लंबित भर्ती प्रक्रिया की स्थिति जानी। कृषि विभाग के तहत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, ई-केवाईसी, लैंड सीडिंग, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि की समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए गए।

बैठक में एडीबी सड़क निर्माण, पीएम श्री स्कूल योजना के तहत निर्माण और मरम्मत कार्य, जाति प्रमाण-पत्र, अपार आईडी, पेंशन प्रकरण आदि की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने समय-सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन व जनचौपाल में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, जिला कोषालय अधिकारी उपेंद्र पटेल, सक्ती एसडीएम अरुण कुमार सोम, मालखरौदा एसडीएम रूपेंद्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## एबीवीटीपीएस मड़वा में 4 कर्मियों को दी विदाई

**जांजगीर।** अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह(एबीवीटीपीएस) मड़वा से फरवरी में कार्यपालन अभियंता अजय कुमार पटेरिया, वरिष्ठ पर्यवेक्षक लाल बहादुर सिंह, कनिष्ठ पर्यवेक्षक गोकुल राम बिंझवार और मुख्य सुरक्षा सैनिक तुलसी राम साहू सेवानिवृत्त हो गए। पावर कंपनी परिवार ने विदाई दी।

## जिले को इंडस्ट्रियल पार्क, रिंग रोड की सौगात एकजुटता लाने वाला बजट: रवि पांडे



**जांजगीर-चांपा।** राज्य सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा में वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत किया, इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जन सेवक एवं भाजपा नेता इंजी. रवि पांडेय ने कहां की इस बजट में जांजगीर चांपा जिले को स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क, नर्सिंग कॉलेज एवं रिंग रोड सहित जिले के नगरी क्षेत्र को कई सौगात मिली है। उन्होंने आगे कहा कि प्रस्तुत पहले 100 पृष्ठ का हस्तलिखित बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह नवाचार और परंपरा से एकजुटता लाने का प्रयास है। विशेष तौर पर जांजगीर चांपा जिले का 100 बिस्तर जिला चिकित्सालय को 200 बिस्तर में अपग्रेड, नवीन शासकीय नर्सिंग कॉलेज, 250 सीटर नालंदा परिसर का निर्माण सहित साइबर थाने के निर्माण की घोषणा स्वागत योग्य है।

## भाजपा समर्थित मनीषा बनीं जनपद पंचायत अध्यक्ष

**बम्हनीडीह।** जनपद पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद का चुनाव मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ। 19 जनपद सदस्यों में से 12 ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी मनीषा चौहान के पक्ष में मतदान कर उन्हें अध्यक्ष चुना, जबकि उपाध्यक्ष पद के लिए उत्तरा सिदार निर्विरोध निर्वाचित हुईं। भाजपा के प्रत्याशियों ने चुनावी रणनीति के तहत पूरी तरह गुप्त रूप से अभियान चलाया, जिससे विपक्षी समीकरण प्रभावित न हो सके। चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा तैनात की गई थी। सुबह से ही जनपद पंचायत परिसर में गहमागहमी रही।

## डभरा में अरूणा अध्यक्ष तो अंजू बनी उपाध्यक्ष

**डभरा।** सक्ती जिला अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत डभरा में मंगलवार 4 मार्च को जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के लिए चुनाव हुआ। जिसमें भाजपा समर्थित अरूणा महेन्द्र सिदार जनपद अध्यक्ष बनी है तो वहीं श्रीमती अंजू संजू पटेल उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई है। इधर मंगलवार को जनपद पंचायत डभरा में चुनाव को लेकर काफी गहमागहमी देखी गई। सुबह से ही जनपद पंचायत कार्यालय डभरा में चाक चौबंद व्यवस्था बनाई गई थी। निर्वाचन से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी चुनाव को लेकर पूर्व से ही लगे हुए थे। चुनाव के दिन तैयारी में लगे हुए थे। जनपद सदस्य अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव को लेकर जनपद कार्यालय पहुंचे थे। वहीं जनपद कार्यालय के आसपास समर्थकों की भीड़ देखी गई। चुनाव सम्पन्न होने के बाद विजयी प्रत्याशी प्रसन्न चित मुद्रा में नजर आए। वहीं चुनाव को लेकर जनपद पंचायत में पुलिस व अफसरों की भीड़ देखी गई। अफसरों की मौजूदगी की मतों की गणना की गई। जिसमें अरूणा महेन्द्र सिदार को अध्यक्ष तो अंजू संजू पटेल उपाध्यक्ष बनाई गई है। उल्लेखनीय है कि तीसरे चरण के तहत रविवार 23 मार्च को डभरा क्षेत्र में मतदान हुआ था।

## नवनिर्वाचित जिपं सदस्य ने किया भाजपा प्रवेश



**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत में अध्यक्ष उपाध्यक्ष चुनाव के ठीक पहले दिन कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी रहे नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य ने अपना पाला बदल दिया है। उन्होंने भाजपा नेताओं के समक्ष भगवा गमछा धारण करके भाजपा की सदस्यता ले ली। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से नवनिर्वाचित सदस्य उर्मिला रविन्द्र यादव को चुनाव के समय कांग्रेस ने अपना अधिकृत उम्मीदवार घोषित किया था। उन्होंने चुनाव जीतने के बाद भाजपा की सदस्यता ले ली। मंगलवार 4 मार्च को श्रीमती उर्मिला रविन्द्र यादव ने सीएसआईडी के पूर्व अध्यक्ष और जिला पंचायत जांजगीर चांपा के भाजपा प्रभारी छगन मूंदड़ा, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रभारी पूर्व विधायक सौरभ सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार सिह और इंजी.रवि पाण्डेय के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली। बुधवार 5 को जिला पंचायत में अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव होना है। ऐसे में एक दिन पहले कांग्रेस पार्टी को तगड़ा झटका लगा है।

## पकरिया ( झूलन ) में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों को शपथ दिलाई गई



**अकलतरा।** ग्राम पंचायत पकरिया झूलन में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों का शपथ ग्रहण समारोह गुलबदन प्रसाद सिंगसार्वा के मुख्य आतिथ्य , नवनिर्वाचित सरपंच दिलीप मरावी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

शपथ प्रभारी ग्राम पंचायत सचिव मीना साहू द्वारा नवनिर्वाचित सरपंच एवं 20 पंचों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित सरपंच दिलीप मरावी ने ने कहा कि गांव के लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। सभी के सहयोग से पंचायत में विकास किया जाएगा, पूर्व सरपंच मनीष कुमार सिंगसार्वा ने ग्राम के सभी युवा एवं ग्रामीण जनों से ग्राम विकास के लिए साथ मिलकर चलने का आग्रह किया।

## सूने घर का टूटा ताला, एक लाख रुपए के जेवर चोरी

**जांजगीर।** परिवार के सा?थ बेटी से मिलने गए किसान के सूने घर में चोर घुसे और दरवाजे का ताला तोड़कर सोने, चांदी के जेवर सहित लगभग 1 लाख रुपए से अधिक के सामान पार कर दिया। पुलिस चोर की तलाश में जुट गई है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार अमोरा निवासी देवशरण साहू अपने परिवार के साथ घर पर ताला लगाकर कोरबा में रहने वाली बेटी नेहा साहू के पास चल गया।

वह सोमवार को घर लौटा तो दरवाजे का ताला टूटा था। उसे चोरी की आशंका हुई। अंदर जाने पर कमरे के अंदर रखा सामान बिखरा पड़ा था। वहीं अलमारी खुली थी। अलमारी में रखे सामान का मिलान करने पर 2 और 6 ग्राम सोने की दो माला, एक सोने की अंगूठी, एक सोने का लॉकेट, एक सोने की रिंग सहित लगभग एक लाख रुपए का सामान गाय?ब था। घटना के बाद देवशरण थाना पहुंचा और इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।

## हमारी सरकार सुशासन के लिए प्रतिबद्धः अंबेश जांगड़े



**जांजगीर चांपा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस गति से काम कर रहे हैं, उसी रफ्तार से विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में काम हो रहा है उक्त बाते जांजगीर चाम्पा भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि राम राज्य की स्थापना किसी भी राज्य व्यवस्था के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात होती है। हमारी सरकार सुशासन के लिए प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है। 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जिस तरह काम कर रहे हैं, छत्तीसगढ़ भी विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में उसी रफ्तार से आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है छत्तीसगढ़ सरकार ने बजट में जनता को राहत देने वाले कई अहम फैसले किए हैं जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने बजट की सराहना करते हुए बताया कि बजट मे जनता को राहत देने के लिए कई अहम फैसले लिए गए है पेट्रोल की कीमत में 21 प्रति लीटर की कमी की गई है, जिससे आम लोगों, किसानों और उद्योगों को लाभ होगा। इसके पहले सरकार ने थोक में डीजल खरीदी पर वैट घटाकर 17त्न कर दिया था, जिससे परिवहन और कृषि कार्यों की लागत में कमी आई है। वहीं, राज्य के सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में उत्न की बढ़ोतरी की गई है, जो मार्च से लागू होगी। छत्तीसगढ़ का बजट प्रदेश को डिजिटल, सुरक्षित और विकसित बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर, गांवों के विकास, शहरों में नई सुविधाओं और सुरक्षा तक हर क्षेत्र में सरकार ने कुछ नया किया है। आने वाले सालों में छत्तीसगढ़ और आगे बढ़ेगा और देश के सबसे उन्नत राज्यों में शामिल होगा। पेट्रोल और डीजल सस्ता होने से ट्रैक्टर, पंप सेट और अन्य कृषि यंत्रों की लागत घटेगी, जिससे किसानों का मुनाफा बढ़ेगा। इसके अलावा, चावल मिल, गन्ना फैक्ट्री और अन्य कृषि आधारित उद्योगों के लिए परिवहन और उत्पादन खर्च कम होगा, जिससे आवश्यक वस्तुएं सस्ती हो सकती हैं।

## बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया हैः प्रशांत सिंह ठाकुर



**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने बजट प्रस्तावों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का अभिनंदन किया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। यह बजट बहुस्पर्शी, बहुआयामी और सर्वव्यापी है।

श्री ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री ने सभी वर्गों का, सभी क्षेत्रों का विकास की दृष्टि से समुचित ध्यान दिया है। श्री ठाकुर ने कहा कि बस्तर के युवाओं को रोजगार देने के दिशा में हमारी सरकार आगे बढ़ रही है। दंतेवाड़ा में बनेंगे 12 नए नर्सिंग कॉलेज इस बजट में दंतेवाड़ा जिला में नर्सिंग कॉलेज बनाने का प्रावधान किया है। इस तरह प्रदेश में कुल 12 नए नर्सिंग कॉलेज बनने जा रहा है। श्री ठाकुर ने कहा कि देवगुड़ी के संरक्षण एवं संस्कृति के विकास के लिए बजट 2025 में 11 करोड़ 50 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। जो बताता है कि भाजपा की सरकार संस्कृति के संरक्षण एवं विकास हेतु समर्पित सरकार है। इतना ही नहीं बस्तर और सरगुजा में पर्यटन के माध्यम से रोजगार के अवसर निर्मित करने का प्रावधान इस बजट में शामिल किया गया है।

## निधन

### रोशनलाल अग्रवाल

**चांपा।** स्थानीय बरपाली चौक डागा कालोनी निवासी अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ व्यवसायी रोशन हार्डवेयर के संचालक रोशनलाल अग्रवाल का सोमवार 3 मार्च को सायं निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। स्व. अग्रवाल अपने पीछे दो पुत्रों एवं तीन पुत्रियों समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 4 मार्च को दोपहर 12 बजे हसदेव नदी के पश्चिमी तट पर ग्राम लछनपुर स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं समेत गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र विजय अग्रवाल ने दी।

### गौरीशंकर अग्रवाल

**फगुरम।** ग्राम फगुरम के प्रतिष्ठित नागरिक गौरीशंकर अग्रवाल का मंगलवार 4 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया है। वे 67 वर्ष के थे। स्व. अग्रवाल कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में कियागया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### श्रीमती रागिनी देवी

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम महंत की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती रागिनी देवी सिंह का 93 वर्ष की आयु में सोमवार 3 मार्च की रात्रि निधन को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में मंगलवार 4 मार्च को किया गया। वे स्व. साहेब सिंह की धर्मपत्नी एवं अवधेश सिंह, स्व. नरेश सिंह, कमलेश सिंह, ब्रजेश सिंह, इंगलेश सिंह, जोगेश सिंह की माता थी। उनके अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

न्यायालय तहसीलदार कोरबा
जिला- कोरबा (छ.ग.)
// ईश्तहार//
202502050400009
रा.प्र.क्र.-/अ-21(2)/2024-25
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं.-16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी आवेदक मेसर्स सृजन बिल्डर्स द्वारा भागीदार हरीश परसाई एवं अशोक कुमार अग्रवाल दोनों निवासी कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. कोरबा-1 स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 15002/1 रकबा 0.3341 हे. भूमि में से भूखण्ड क्रमांक 10 क्षेत्रफल 1271 वर्गफीट भूमि को प्रस्तावित क्रेता श्रीमती ज्योति जैन पति सुनील कुमार जैन निवासी म.नं. ई.डब्ल्यू.एस. एम.पी.नगर कोरबा के पास आम बाजार मूल्य अनुसार विक्रय करने की अनुमति बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु कलेक्टर महो. कोरबा से अ.वि.अ. (रा.) कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 13.03.2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील
तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)

## 5 पंडित बनेंगे साक्षी, नगर पालिका अध्यक्ष का शपथ ग्रहण आज



**सक्ती।** नगर पालिका सक्ती में नवनिर्वाचित अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समरोह बुधवार 5 मार्च को आयोजित किया गया है। खास बात यह है कि इस शपथ ग्रहण समारोह में 5 विद्वान पंडित विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और उनकी उपस्थिति में शपथ ग्रहण समारोह होगा। नगर पालिका परिषद सक्ती में शपथ ग्रहण समारोह की पूरी तैयारी कर ली गई है। तय कार्यक्रम के मुताबिक बुधवार 5 मार्च को नगर पालिका सक्ती के अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 5 मार्च शाम 4 बजे होगा। इस अवसर पर सनातन धर्म की पूजा अर्चना मंत्र उच्चारण के साथ सक्ती नगर के 5 विद्वान पंडित महामंडलेश्वर भरत दुबे, भागवताचार्य राजेंद्र शर्मा, पंकज उमरलिया, भोलाशंकर तिवारी, मारवाड़ी पंचायती मंदिर के पुजारी राधेश्याम शर्मा के सानिध्य में नवनिर्वाचित अध्यक्ष सक्ती नगर के% प्रथम नागरिक श्याम सुंदर अग्रवाल अपने सभी पार्षद के साथ शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण नगर पालिका परिषद सक्ती में होगा। जिसको लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने तैयारी पूरी की जा रही है। इस अवसर पर नगर की जनता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## घर घुसकर महिला पर टांगी से किया प्राणघातक हमला

**डभरा ।** घटना घटना 3 मार्च के दोपहर 1 बजे की थाना चंद्रपुर के ग्राम पेंड्रुवा की है। गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना चंद्रपुर क्षेत्र के ग्राम पेंड्रुवा निवासी मीना पटेल उम्र 34 साल अपने घर के बेडरूम में 3 मार्च को थी। तभी अचानक दोपहर 1 बजे के करीब एक नकाबपोश बदमाश कमरे के अंदर घुस आया और टांगी से सिर पर ताबड़तोड़ प्रहार कर फरार हो गया। टांगी से 10 बार से अधिक जान लेवा हमला होने से मीना पटेल की हालत गंभीर रूप से घायल हो गई। खून से लथपथ मीना को इलाज के लिए रायगढ़ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां वह आईसीयू में भर्ती है । अभी तक पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। वहीं महिला पर उसने किस कारणों से प्राणघातक हमला किया है। इन वजहों का भी अब तक पता नहीं चला है। पुलिस हर बिन्दुओं से जांच-पड़ताल कर रही है। इधर गांव में इस घटना के बाद से डर का माहौल है।

## शराब के नशे में ड्यूटी में आते हैं ब्लॉक शिक्षा कार्यालय के कर्मचारी चाय, पानी के नाम होती है अवैध वसूली

**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ ब्लॉक शिक्षा कार्यालय इन दिनों खूब चर्चा में है। यहां के कर्मचारी एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के रैवेये से ब्लाक के सभी शिक्षक परेशान नजर आ रहे हैं। चाय पानी के नाम पर अवैध वसूली की भी चर्चा है। सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर चांपा जिले के ब्लॉक शिक्षा कार्यालय नवगढ़ के कर्मचारी हमेशा नशे में चूर रहते हैं। ड्यूटी के दौरान भी शराब के नशे में रहते हैं। कई बार इनकी शिकायत कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी से हो चुकी है, पर ये बाज नहीं आते। कार्यालय में चाय पानी के नाम पर अवैध वसूली होती है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के सह पर यहां के चपरासी से लेकर बाबू अवैध वसूली करते नजर आते हैं। कई बार इनकी शिकायत भी हुआ है लेकिन कार्यवाही के नाम जिला शिक्षा अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति करते नजर आते हैं।

**पासबुक एंट्री के नाम पर अवैध वसूली**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यहां का स्टाफ पासबुक एंट्री के नाम पर शिक्षकों से अवैध रूप कर रहा है, पर पासबुक एंट्री के लिए ?500 लिया जा रहा है वही यहां मातृ अवकाश से लेकर मेडिकल छुट्टी के लिए चढ़ावा देना पड़ता हैं। कार्यालय में अवैध वसूली वालो का एक टीम है जो ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शह पर काम करता है। जिसके चलते महिला शिक्षकों से बदतमीजी,एवं वाद विवाद की स्थिति भी निर्मित हो चुकी है। लेकिन यहां के कर्मचारी अपने रवैये से बाज नहीं आ रहे. अब शिक्षक इनकी शिकायत anti corruption bureau से करने के बात कह रही हैं।

**हर काम के लिए रेट तय**

ब्लॉक शिक्षा कार्यालय नवागढ़ में पासबुक एंट्री से लेकर सामान्य अवकाश एवं महिला शिक्षकों को मातृ अवकाश, मेडिकल अवकाश सभी अलग-अलग कामों के लिए रेट तय है। शिक्षकों का चेहरा देखकर यहां के कर्मचारी काम के बदले पैसे की मांग करते हैं। शिक्षकों का मजबूरी का फायदा उठाकर यहां के कर्मचारी चाय पानी के नाम पर वसूली करते हैं। अवैध वसूली की जानकारी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को भी है, लेकिन इन पर किसी प्रकार का रोक नहीं लगाते।

**वर्षों से एक ही जगह जमे हुए बीइओ**

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी वर्षों से नवागढ़ ब्लाक में ही जमे हुए है। बीच में इनका ट्रांसफर हुआ था लेकिन किसी कारण वह भी रुक गया। कई वर्षों से नवगढ़ में ही पदस्थ हैं। शिक्षकों से अपनी पहुंचकर धौंस दिखाकर रौब झाड़ते हैं, लेकिन हकीकत कुछ और हैं। ब्लॉक शिक्षा कार्यालय में अवैध काम के विरोध में शिक्षकों ने भी उनकी अन्य जगह ट्रांसफर की मांग शिकायत की थी। अब बहुत ही जल्दी एक शिक्षकों का संगठन इन पर रोक लगाने मुख्यमंत्री से लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो तक लिखित में शिकायत करने की तैयारी कर रहे हैं।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)
विद्युत शाखा- साकेत भवन, आई.टी.आई.चौक, कोरबा (छ.ग.)
मु. का. दूरभाष : 221288, 222672 फैक्स : 07759-221929, पो.बाक्स नं. 12 पिन कोड-495677
Website: www.korbamunicipal.in,Email : Mck Electricalsection@gmail.com
फा.क्र./1309, 1263, 1345/विद्युत/2025 कोरबा, दिनांक 27.02.2025

निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा निम्नलिखित कार्य क्र. 01 हेतु छ.रा.वि.मंडल एवं छत्तीसगढ़ अनुज्ञापन मंडल (विद्युत) में उचित श्रेणी में विद्युतीकरण कार्य हेतु पंजीकृत/लायसेंसी ठेकेदारों प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग (विद्युत) रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खुलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) कम, अधिक या समान प्रतिशत दरों पर, एवं कार्य क्र. 02 एवं 03 हेतु व्यवसाय से संबंधित निविदाकारों से शेड्यूल अनुसार आयटम दरों पर मैन्युअल निविदा कार्य क्र. 01 हेतु निविदा फार्म 'ए' एवं कार्य क्र. 02 एवं 03 हेतु निविदा फार्म 'बी' वेबसाईट से डाउनलोड कर त्रि-लिफाफा पद्धति के माध्यम से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि | निविदा दस्तावेज (भाग-अ) खुलने की तिथि | निविदा दर (भाग-ब) खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 54 अंतर्गत स्नेह सदन भवन हेतु एल.ई.डी. डिस्प्ले बोर्ड प्रदाय एवं स्थापना कार्य। (निगम मद)(द्वितीय निविदा) | 2,99,358/- | 18.03.2025 | 20.03.2025 |
| 2. | सेंट्रल स्टोर एवं राजीव गांधी ऑडिटोरियम टी.पी. नगर में सी.सी.टी.व्ही. कैमरा प्रदाय एवं स्थापना कार्य। (निगम मद) प्रथम निविदा | 1,92,050/- | 18.03.2025 | 20.03.2025 |
| 3. | निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों में स्थापित सी.सी. सी.टी.व्ही. कैमरा का मरम्मत कार्य। (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 3,96.500/- | 18.03.2025 | 20.03.2025 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा फार्म ए बेबसाइड से डाउनलोड किया जाकर निर्धारित प्रपत्र का शुल्क डी.डी. के माध्यम से जमा किया जावे एवं सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website:www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो विभागीय वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//
कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

# बुधवारी बाजार में उठाईगिरी आरोपी गिरफ्तार



**जांजगीर-चांपा ।** सिटी कोतवाली जांजगीर के बुधवारी बाजार में उठाईगिरी के मामले में 2 किलो चांदी व 19 ग्राम सोने के जेवरात के साथ 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक अपचारी बालक भी शामिल है।

इस संबंध में सिटी कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार 26 फरवरी को प्रार्थी गणेश सराफ निवासी चांपा थाना चांपा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि सप्ताहिक बाजारो में जाकर सोना, चांदी का फुटकर विक्री करता है। इस दौरान 26 फरवरी को बुधवारी बाजार जांजगीर में सोना, चांदी का व्यापार करने आया था। विक्री के दौरान शाम करीबन 4 बजे सोने चांदी के बैग को बगल में रखकर बैठा था। इसी दौरान किसी अज्ञात चोर ने उसका जेवरात से भरा बैग पार कर दिया। जिसमें सोने चांदी के जेवरात जुमला किमती 3 लाख 50 हजार था। पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं डीएसपीजांजगीर कविता राजपूत के कुशल मार्गदर्शन में गुखबीर सूचना गिला कि उक्त उक्त चोरी के संदेहीगण भीगखोज माखन डबरी के निवासी है। तत्काल सूचना की तस्दीक के लिए टीम रवाना किया गया। कलिंगा गोड़ पिता संलोचना गोड़ उम्र 40 साल निवासी माखन डबरी करसीबहरा को उसके निवास स्थान से हिरासत में लेकर थाना लाया गया। पूछताछ कर 26 फरवरी को अपने साथी राजेश सौरा पिता मामचंद सौरा उम्र 49 साल निवासी हाल माखन डबरी करसीबहरा तथा प्रकरण में शामिल एक अपचारी बालक को साथ लेकर शिवरीनारायण होते हुए लगने वाले सप्ताहिक बाजारो का पता करते हुए जांजगीर पहुंचा। चोरी गई मशरूका सोने चांदी के जेवरात किमती 3 लाख 50 हजार रूपयें को बरामद हुयी। बाद आरोपियों को हिरासत में लेकर थाना लाया गया बाद आरोपीगणों का न्यायिक रिमाण्ड पर जिला जेल में दाखिल कराया गया एवं अपचारी बालक को बाल संप्रेषण गृह सुधार हेतु दाखिल कराया गया। कार्रवाई टीआई प्रवीण द्विवेदी सहित स्टाफ का योगदान रहा।

## अनमोल वचन......

**जीवन और मृत्यु में, सुख्ख और दुःख में ईश्वर समाल रूप से विद्यमान है।**

# ट्रंप की गोल्ड कार्ड योजना

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गोल्ड कार्ड ने पूरी दुनिया को चकमका दिया है। ट्रंप जो कहते हैं वह हमेशा कर भी दें इसकी कोई गारंटी नहीं है। और इसकी भी कोई गारंटी नहीं की जो वह करना चाहते हैं उसे सचमुच कर पाएं, मगर इतना तय है कि उन्होंने पदभार संभालते ही जिस तरह का धूम-धड़ाका किया है उसने कई देशों की नींद उड़ा दी है। कई देशों को चिंता में डाल दिया है तो कई देशों को अपनी अमेरिकी नीति पर पुनर्विचार करने पर बाध्य कर दिया है। भारत भी ट्रंप की घोषणाओं और उसके क्रियान्वयन से अछूता नहीं है। अवैध प्रवासियों की अपमानजनक वापसी की धमक भारत झेल ही रहा था कि अब उसे गोल्ड कार्ड भी परेशानी में डाल रहा है। ट्रंप की गोल्ड कार्ड योजना वास्तव में क्या है किसी के समझ में नहीं आई है। इस योजना के मुताबिक 50 लाख अमेरिकी डॉलर यानी करीब 44 करोड़ रुपये देकर कोई भी विदेशी नागरिक अमेरिका में बस सकता है और तीव्र गति से अस्थाई नागरिकता प्राप्त करने के लिए अग्रसर हो सकता है। पहली बात तो यह है कि लोग धन कमाने के लिए लोग धन कमाने के लिए अमेरिका जाना चाहते हैं, अपना धन लेकर अमेरिका में बसना नहीं। यहां ट्रंप अमेरिका को एक बिकाऊ माल की तरह बेचना चाहते हैं जैसे कोई अच्छी जमीन बेची जाती है। यानी ट्रंप अमेरिका को ऐसे स्वर्ग के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं जहां किसी भी देश का कोई व्यक्ति 50 लाख अमेरिकी डॉलर खर्च कर बसना चाहेगा। क्या सचमुच अमेरिका ऐसा स्वर्ग है। अगर भारत की बात करें तो यहां बहुत बड़ी संख्या धनपतियों की है जिन्होंने अनेकानेक गैर कानूनी तरीकों से धनी इकट्ठा किया है और वह इसकी सुरक्षा चाहते हैं। ऐसे लोग भारत में सीधे राजनेताओं या राजनीतिक दलों को अपनी सुरक्षा के लिए धन उपलब्ध कराते हैं। चुनावी चंदे में इस तरह के कई मामले उजागर हुए थे। दूसरी बात जो ट्रंप ने प्रतिभावान विदेशी छात्रों के बारे में कही जो अमेरिका में पढ़ाई करने के बाद नागरिकता नहीं मिलने के कारण अपने मूल देश में लौटकर व्यापार करते हैं और करोड़ों में खेलने लगते हैं। सवाल है कि कोई अमेरिकी कंपनी 50 लाख डॉलर देकर ऐसे प्रतिभावान उद्योगों को नौकरी देने में रुचि क्यों दिखाएगी। इसका कोई ठोस तर्क सामने नहीं है। बहरहाल, जनता की गाढ़ी कमाई को अमेरिका में ले जाकर बसने के भ्रष्ट पूंजीपतियों को गोल्ड कार्ड ने जरूर सुनहरा अवसर दिखा दिया है।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। इस राशि के जो लोग किसी बिजनेस से जुड़े हैं उनके लिए आज लाभ का दिन है। आज आपको कुछ सम्मानित लोगों का स्नेह मिलेगा। जीवन में चल रही उलझनों से आज छुटकारा मिलेगा। ऊर्जा के साथ आप काम करेंगे।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रोजेक्ट में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। ऑफिस के कामों में दूसरों की राय लेने से बचें। बेहतर यही होगा की किसी अपनों की काम में मदद लें तो काम आसानी से सफल होंगे। आपकी मेहनत आज आपके जीवन में सफलता के रंग भर देंगे।

**मिथुन राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपकी कठिन परिस्थितियों में आपका परिवार आपकी ढाल बनकर सामने रहेगा, इससे आपको साहस मिलेगा। आज आपको शहर में जॉब करने के नए अवसर मिलेंगे। लवमेट में पहले से चली आ रही गलतफहमियां आज खत्म होंगी, रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी।

**कर्क राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी अनजान व्यक्ति पर आंख बंद करके विश्वास न करें। आज घर के बड़े-बुजुर्गों का ख़ास ख्याल रखने की जरूरत है, समय से दवाई दे। लेखनों की किताब पब्लिश हो सकती है, जिसको लोगों के द्वारा काफी पसंद किया जाएगा।

**सिंह राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे आपकी उपस्थिति को महत्व मिलेगा। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे आप प्रभावित होंगे। अगर आपका पैसा कहीं फंसा है तो उसे हासिल करने के लिए आज अच्छा दिन है।

**कन्या राशि :** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप करीबी व्यक्ति के बारे में गहराई से विचार करके रिश्ता सुधारेंगे। आज आपको बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। आपके सहयोगी और मित्रों का साथ मिलने से आज आपके बिजनेस में चल रही परेशानियां दूर हो जाएगी। काफी दिनों से चल रही ईएमआई आज पूरी हो जाएगी।

**तुला राशि :** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रॉपर्टी से रिलेटेड बात करेंगे और फाइनेंस संबंधित कुछ योजनाएं बनेगी। आज आप परिवार को जोड़कर रखने की भूमिका निभाएंगे। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे। आज आप बेवजह के वाद-विवाद से दूर रहेंगे।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी। आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है मेहनत के अच्छे परिणाम हासिल होंगे। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जाएंगे जहां आपके अन्य दोस्त भी होंगे। शत्रु पक्ष आपकी योजनाओं से प्रभावित होंगे।

**धनु राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका रुका काम पूरा होने से शांति महसूस करेंगे। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज कार्यस्थल पर आपके काम से लोग प्रभावित होकर आपसे काम सीखना चाहेंगे। आज लोगों की मदद करने की इच्छा मन में जागेगी।

**मकर राशि :** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप ऑफिस में बॉस द्वारा दिये गये काम को अपनी पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करेंगे तो आपका इन्क्रीमेंट होगा। आज अपने व्यस्तता से भरे माहौल से थोड़ा समय निकालकर अपने लिए परिवार के लिए निकालेंगे तो खुशियां बढ़ेगी।

**कुंभ राशि :** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके घर किसी मेहमान के आने से खुशियां ही खुशियां होंगी। लेकिन किसी काम को कुछ देर तक के लिए कैंसिल करना पड़ सकता है। आज किसी भी विपरीत परिस्थितियों में अपने गुस्से को नियंत्रित करके मामले को बखूबी संभाल लेंगे। इस राशि के जो लोग ट्रांसपोर्ट का काम करते है, उनको आज ज्यादा लाभ होगा।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति से कुछ नया सीखेंगे, लोगों के लिए आज आपका रवैया अच्छा रहेगा। किसी रिश्तेदार के साथ चल रही गलतफहमियां आज दूर होंगी। आपको किसी बड़ी परेशानी से छुटकारा मिलेगा। आज अपनी पर्सनल बात किसी के साथ डिस्कस करने से बचेंगे तो आप किसी बड़ी परेशानी से बच जाएंगे।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट -25: समृद्धि, आर्थिक सशक्तिकरण और वैश्विक सम्मान का अद्भुत आयाम

//रमेश शर्मा//

**भोपाल में संपन्न ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट केवल निवेश और औद्योगिक विकास तक सीमित नहीं है। इससे पूरे भारत के समग्र विकास और आर्थिक समृद्धि के नये द्वार खुले हैं। इसके साथ यह समिट वैश्विक स्तर पर मध्यप्रदेश की छवि और सम्मान बढ़ाने का भी माध्यम बनी। यह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट केवल औद्योगिक विकास तक सीमित नहीं है। इसके बहुआयामी लाभ होंगे। जिस प्रकार यह संसार दो प्रकार का है । एक दृश्यमान और दूसरा अदृश्यमान । सृष्टि की कुछ ऊर्जाएँ ऐसी हैं जो दिखाई नहीं देतीं फिर भी जीवन संचालन में सहयोगी होतीं हैं। उसी प्रकार निवेश इस इन्वेस्टर्स समिट के निवेश प्रस्तावों के आकार लेने के बाद इसका परोक्ष प्रभाव भी मध्यप्रदेश के समाज जीवन पर होगा। इसके लिये मध्यप्रदेश सरकार ने समिट आयोजन से पहले कुछ अतिरिक्त तैयारी की है और औद्योगिक विकास को विरासत से भी जोड़ा है।**

यह प्रदेश आध्यात्मिक, साँस्कृतिक, प्राकृतिक और धार्मिक स्थलों का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र रहा है। मध्यप्रदेश सरकार ने इन सबको जोड़कर धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन की विधाएँ जोड़कर इन क्षेत्रों में निवेशकों को आमंत्रित किया था। इन चारों विधाओं में मध्यप्रदेश का स्थान सबसे अलग है। इतिहास में जहाँ तक दृष्टि जाती है, वहाँ मध्यप्रदेश की छवि एक समृद्ध और प्रतिष्ठित भूक्षेत्र के रूप में उभरती है। लाखों वर्ष पुरानी मानव सभ्यता के चिन्ह हैं। समय के साथ भले स्वरूप बदला हो, राजनैतिक सीमाएँ बदलीं, नाम बदले लेकिन मध्यप्रदेश की प्रसिद्धि बनी रही। वैदिक काल से लेकर मध्यकाल तक पूरे विश्व में मध्यप्रदेश आकर्षण का केन्द्र रहा है। यही कारण था कि हर काल-खंड विदेशी पर्यटक भारत आते रहे है। ह्वेनसाँग और फाह्यान से लेकर अल्बरूनी तक और कनिघंम से लेकर स्मिथ तक भारत आने वाला कोई शोधकर्ता ऐसा नहीं जो मध्यप्रदेश न आया हो। इन सबके लेखन में मध्यप्रदेश को समृद्धियों का उल्लेख है। मध्यप्रदेश के वैभव और समृद्धि की झलक कण कण में बिखरी है। इसे संजोने में वाकणकर जी ने अपना जिवन समर्पित कर दिया था। इन सभी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक स्थलों की कहानियाँ, अनूठे चिन्ह, खनिज एवं वन्य संपदा की विविधता भी पर्यटकों को आकर्षित करती रही है। यही प्रसिद्धि मध्यकाल मध्यप्रदेश के विनाश का कारण बनी थी। लगातार आक्रमणों से यह प्रदेश विपन्नता के अंधकार में डूब गया । ऐसा अंधकार कि इसकी छवि एक बीमारू राज्य की बन गई। स्वतंत्रता के बाद भी राजनैतिक कारणों से अनेक स्वरूप बदले गये। मध्यप्रदेश के वर्तमान स्वरूप की सीमाएँ नवम्बर 2000 में बनीं। और विकास की नई यात्रा आरंभ हुई। इसके साथ प्रदेश के औद्योगिक विकास पर जोर दिया गया। डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने विकास यात्रा को नये आयाम दिये। डॉ मोहन यादव ने मोदी मंत्र विकास के साथ विरासत का अमल करते हुये अपने कदम आगे बढ़ाये। कार्यभार संभालने के पहले दिन से डॉ मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्रीनरेंद्र मोदी के इसमंत्र पर काम करना आरंभ किया और भारत को विश्व का सबसे समृद्ध राष्ट बनाने के उनके संकल्प को पूरा करने केलिये मध्यप्रदेश की सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में भी कदम बढ़ाये। यह तभी संभव है जब भारत का प्रत्येक प्रदेश विकसित और उन्नत हो। 24-25 फरवरी को भोपाल में सम्पन्न ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट इसी दिशा में एक क्राँतिकारी कदम है।

समिट की तैयारियों का होमवर्क

मध्यप्रदेश की यह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट अचानक आयोजित नहीं हुई। इससे पहले राज्य सरकार ने पर्याप्त होम वर्क किया था। यह होमवर्क तीनों प्रकार से हुआ । एक ओर मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले में पानी, बिजली, परिवहन और भूमि की उपलब्धता का विवरण तैयार किया गया, दूसरी ओर भारत ही नहीं पूरे संसार के प्रतिष्ठित उद्योग समूहों से उनकी रुचि के उद्योगों को प्राथमिकता में रखकर चर्चा की गई और तीसरा मध्यप्रदेश में रीजनल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन हुये । सरकार के केवल चौदह महीने के कार्यकाल में सात रीजनल इन्वेस्टर्स समिट संपन्न हुईं। इन तीनों प्रकार की तैयारी के बाद यह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ। इन चौदह महीनों में मध्यप्रदेश में निवेश प्रस्तावों का मानों एक नया कीर्तिमान बनाया है। कुल 30.77 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिससे 21.40 लाख नए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। इस ग्लोबल समिट में 300 से अधिक प्रमुख उद्योगों के चेयरमैन, सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर्स ने समिट में हिस्सा लिया। भारत का ऐसा कोई उद्योग समूह नहीं जिसके प्रतिनिधि इस समिट में सहभागी न बने हों। उनके साथ 600 से अधिक बिजनेस टू गवर्नमेंट और 5,000 से अधिक बिजनेस टू बिजनेस बैठकें हुईं। निवेशकों और सरकार के बीच इस संवाद से औद्योगिक विकास की दिशा में एक मजबूत विश्वास बढ़ा है।

इस ग्लोबल समिट में विभिन्न सेक्टर्स के पच्चीस हजार से अधिक पंजीयन हुये और विभिन्न सेक्टर्स के 85 एम ओ यू पर हस्ताक्षर हुये। इस ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के साथ मध्यप्रदेश का नाम निवेश की दुनियाँ में चर्चित हुआ और देश में तीसरे स्थान पर आ गया। इस समिट से औद्योगिक विकास और युवाओ को रोजगार के अवसर के साथ समृद्धि के नये द्वार खुले हैं । मध्यप्रदेश की गणना अब वैश्विक स्तर पर भी होने लगी । इस समिट की तैयारी में प्रदेश के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास एवं उनको वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करने की दिशा में भी काम हुआ।

**धार्मिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक पर्यटन**

प्रदेश की साँस्कृतिक, ऐतिहासिक और विविध प्राकृतिक स्थलों को पर्यटन से जोड़कर निवेश आमंत्रित किये गये । निवेशकों ने इस दिशा में भी अपनी रूचि दिखाई। विंध्य, सतपुड़ा और अरावली पर्वतमाला से घिरी मध्यप्रदेश की यह धरती अपनी प्राकृतिक, साँस्कृतिक, ऐतिहासिक और लोक संस्कृति की विविधताओं के लिये संसार भर में प्रसिद्ध हैं। रॉक शेल्टर, गर्म पानी के झरने, हरे-भरे हिल स्टेशन, घाटियाँ, गुफाएँ वन्य जीवों और वनस्पति से भरे वन, उनका अद्भुत प्राकृतिक सौन्दर्य पर्यटकों केलिये सहज आकर्षण का केन्द्र हैं। रोचक लोक संस्कृतियाँ, उनके नृत्य कौशल, चित्रकारी, नृत्यगीत और उनसे जुड़े लोक जीवन की रोचक कहानियाँ भी शोध कर्ताओं और प्रकृति प्रेमियों को आकृषित करते हैं। इन सब स्थलों को पर्यटन से जोड़ा गया है। और निवेशकों के प्रस्ताव आये। प्रदेश में ऐसे अनेक मन्दिर, किले और विश्व प्रसिद्ध गुफ़ाएँ हैं जिनमें मानव सभ्यता के विकास का क्रम, गौरवशाली इतिहास छिपा है। वे सदैव आकर्षण का केन्द्र रहे हैं। इनमें कुछ तो ऐसे हैं जिनके प्रतीक चिन्ह कोलकाता के राष्ट्रीय संग्रहालय से लेकर लंदन के म्युजियम में प्रदर्शित हैं। जैसै सतना के पास भरहुत का स्तूप के अवशेष कोलकाता के राष्टीय संग्रहालय में और भोजशाला धार की माता सरस्वती की प्रतिमा लंदन के संग्रहालय में है। उज्जैन की वेधशाला, साँची के स्तूप, विदिशा का भग्न सूर्य मंदिर उदयगिरी की गुफाएँ, महू की बाघ गुफ़ाएँ, खजुराहों के मंदिर, जानापाव, सतधारा, चंबल, नर्मदा, ताप्ती, बेतवा और शिप्रा के उद्गम स्थल भेड़ाघाट आदि उल्लेखनीय हैं। ओंकारेश्वर, महाकाल, मैहर, सलकनपुर, ओरछा, तरावली, पीताम्बरा पीठ, पशुपतिनाथ मंदसौर, बाघ अभ्यारण्य, प्रमुख बाँध, पचमढ़ी आदि लगभग सौ विविध स्थानों को पर्यटन से जोड़कर निवेश आमंत्रित किये गये हैं। इनमें अधिकांश वे स्थल हैं इनका उल्लेख विदेशी पर्यटकों ने भी किया है। ये सभी स्थल न केवल प्रदेश अपितु विदेशी पर्यटकों केलिये भी आकर्षण का केन्द्र रहे हैं। ग्लोबल समिट में निवेशकों ने इन सभी क्षेत्रों को एक पर्यटन कॉरीडोर बनाकर निवेश में रुचि दिखाई और निवेश करार भी हुये। इससे तीन लाभ होगे। एक तो इन क्षेत्रों में पर्यटन बढने से आर्थिक समृद्धि बढ़ेगी, परोक्ष रूप से रोजगार के अवसर बढ़ेगे दूसरा पूरे विश्व से आने वाले पर्यटक मध्यप्रदेश के साँस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक गौरव से परिचित हो सकेंगे। और तीसरा सबसे महत्वपूर्ण है इन स्थलों का रखरखाव बढ़ेगा अर्थात विकास के साथ विरासत का भी संरक्षण होगा।

**भविष्य की योजनाएँ**

एक समृद्ध विरासत के साथ मध्यप्रदेश में प्राकृतिक उत्पाद की अपनी कुछ विशेषताएँ भी हैं। कपास, खनिजों और कृषि उत्पाद की विविधता। कृषि उत्पाद में कपास उत्पाद, शरवती गेहूँ, नर्मदा पट्टी की तुअर दाल, खनिजों यदि हीरे और चूने को अलग कर दें तो भी केवल पत्थर के सत्तर से अधिक प्रकार उत्खनित होते हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने इन विधाओं की ओर भी निवेशकों को आकर्षित किया है। इस समिट में मिलेट्स और जैविक कृषि के क्षेत्र एवं इससे आधारित टेक्सटाइल और फार्मा सेक्टर में रिकॉर्ड निवेश आया है। पीथमपुर को भारत का डिफेंस और ऑटोमोबाइल हब बनाने की योजना है। मध्यप्रदेश को कॉटन कैपिटल ऑफ इंडिया का दर्जा मिला है । चंदेरी और माहेश्वरी साडियों को जीआई टैग मिला है, इससे इनके निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। मध्यप्रदेश के औद्योगीकरण केलिये सरकार ने मेट्रोपॉलिटन कॉन्सेप्ट के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न अंचलों में आसपास के जिलों को जोड़कर एक औद्योगिक कॉरीडोर बनाने का भी निर्णय लिया है। इसमें मालवा अंचल में इंदौर, उज्जै, देवास, शाजापुर और पीथमपुर (धार) को जोड़कर एक इंडस्ट्रियल सेंटर बनाने की दिशा में काम करना आरंभ कर दिया है। राजधानी भोपाल से विदिशा, रायसेन, सीहोर और नर्मदापुरम को जोड़कर एक कॉरीडोर बनाने की योजना पर काम आरंभ हो गया है। इसी प्रकार मध्यभारत, बुन्देलखण्ड, महाकौशल और विन्ध्य क्षेत्र में भी ऐसे इंडस्ट्रियल कॉरीडोर विकसित किये जायेगें। इनमें सड़क और रेल परिवहन, बिजली, पानी, सीवर लाइन और औद्योगिक क्षेत्र में कॉलोनी जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। ऐसे क्षेत्रों को मेट्रोपॉलिटन के रूप में विकसित करने केलिये आगामी 25 वर्षों की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखकर योजना बनाई जा रही है।

# तंबाकू सेवन एक वैश्विक स्वास्थ्य और आर्थिक संकट

//अमरपाल सिंह वर्मा//

**विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नेतृत्व में एक ऐसी संधि ने बीस साल पूरे कर लिए हैं, जिसका दुनिया भर में जन स्वास्थ्य को व्यापक लाभ मिला है। विश्व में फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन टोबैको कंट्रोल (एफसीटीसी) नामक यह संधि 27 फरवरी 2005 को हुई थी। अब इसे इतिहास की ऐसी पहल के रूप में स्वीकार्यता मिल गई है जिसे न केवल व्यापक रूप से अपनाया गया है बल्कि जिसके अपेक्षित परिणाम भी सामने आए हैं। इस संधि की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसकी बदौलत लाखों लोगों की जान बचाने में कामयाबी मिली है। मानवता के लिए एक गंभीर संकट बन चुके तंबाकू के दुष्प्रभावों को कम करने में इस संधि की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।**

यह सर्वविदित है कि तंबाकू मानवता के लिए एक अभिशाप बन चुका है। यह दुनिया में कैंसर, टीबी जैसी बीमारियों और उनकी वजह से होने वाली मौतों कारण बन रहा है। तंबाकू के कारण हर साल लाखों लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 20 प्रतिशत हृदय रोगियों की मौत के लिए तंबाकू ही जिम्मेदार है। इसके अलावा यह सामाजिक एवं आर्थिक दबाव भी बढ़ाता है जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार अधिक प्रभावित होते हैं। संधि के तहत कई प्रभावी उपाय अपनाए गए हैं जिनका सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। वर्तमान में दुनिया के 138 देशों में सिगरेट के पैकेटों पर चेतावनियां दी जाती हैं, जिससे उपभोक्ताओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कई देशों में तंबाकू उत्पादों की पैकेजिंग को साधारण कर दिया गया है, जिससे ब्रांडिंग और आकषर्क डिजाइन की संभावनाओं को समाप्त करने में मदद मिली है।यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस संधि की बदौलत तंबाकू विज्ञापनों और प्रमोशन पर 66 से अधिक देशों में प्रतिबंध लगाया जा चुका है। सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों और अन्य बंद इमारतों में धूम्रपान निषेध से निष्क्रिय धूम्रपान के कारण होने वाले नुकसान को भी कम करने में मदद मिली है। इससे ऐसे लोगों का जीवन बचाने में सहायता मिली है, जो खुद सिगरेट का प्रयोग नहीं करते पर धूम्रपान करने वाले अन्य लोगों की वजह से इसका खतरा झेलते हैं। इसके परिणामस्वरूप, वि की एक चौथाई आबादी ऐसी नीतियों के दायरे में आ चुकी है, जिससे तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई है। डब्ल्यूएचओ ने संधि की 20 वीं वर्षगांठ के मौके पर कहा है कि तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाव पर केंद्रित यूएन संधि ने पिछले दो दशकों में लाखों-करोड़ों जिंदगियों की रक्षा करने में मदद की है। यह एक तथ्य है कि तंबाकू गैर संचारी रोगों का एक बड़ा कारण है जो न केवल असामयिक मौतों का कारण बनता है, बल्कि इससे प्रभावित लोग विकलागंता का भी शिकार हो सकते हैं। जो गरीब लोग तंबाकू जनित बीमारियों से पीड़ित होते हैं, उन पर इलाज का भारी बोझ पड़ता है। ऐसे लोग आम लोगों की तुलना में पोषक आहार से भी वंचित रहते हैं क्योंकि वह अपनी आमदनी का एक बड़ा हिस्सा महंगे तंबाकू उत्पादों पर खर्च कर डालते हैं।

तंबाकू उत्पादन के लिए अत्यधिक जमीन एवं पानी की जरूरत पड़ रही है। अगर तंबाकू के प्रति लोग नकारात्मक रवैया अपनाएं तो इस जमीन व पानी का इस्तेमाल जरूरी खाद्यान्न के उत्पादन में किया जा सकता है। यदि तंबाकू का प्रचलन कम हो तो इन संसाधनों का उपयोग अधिक महत्त्वपूर्ण उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। यकीनन, इस संधि के तहत बहुत काम किया गया है पर अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। डब्ल्यूएचओ के और अन्य विशेषज्ञ इस संधि के तहत तंबाकू पर टैक्स बढ़ाने, विज्ञापन व प्रायोजकों पर रोक लगाने, नये तंबाकू व निकोटीन उत्पादों से पैदा हो रही चुनौतियों से निपटने जैसे विभिन्न उपायों को अपनाने पर बल दे रहे हैं। इस दिशा में सक्रियता से काम होना चाहिए।

साथ ही, तंबाकू के प्रति नकारात्मक सामाजिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए शिक्षा और जागरूकता अभियानों को और सशक्त करने की आवश्यकता है। लोगों को यह समझाय जाना चाहिए कि तंबाकू सेवन केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं बल्कि यह एक वैश्विक स्वास्थ्य और आर्थिक संकट है। यदि सरकारें, समाज और आम लोग मिलकर इस प्रयास को जारी रखें तो एक स्वस्थ और तंबाकू मुक्त विश्व की कल्पना को साकार किया जा सकता है।

## तस्वीरों की दुनिया



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह डीआरडीओ भवन, नई दिल्ली में 'आंतरिक सुरक्षा और आपदा राहत कार्यों के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों' पर गृह मंत्रालय और डीआरडीओ सहयोग सम्मेलन-सह-प्रदर्शनी के उद्घाटन में शामिल हुए।


दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता नई दिल्ली स्थित पुराने सचिवालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के वनतारा में वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र का उद्घाटन और दौरा करते हुए।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के वनतारा में वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र का उद्घाटन और दौरा किया।


दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और अन्य लोग नई दिल्ली के गीता कॉलोनी में अरविंदर सिंह की मां के अंतिम संस्कार में शामिल हुए।


दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं।


दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, सांसद योगेंद्र चंदोलिया और शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने नई दिल्ली में भलस्वा लैंडफिल साइट पर बांस रोपण अभियान का शुभारंभ किया।

# वनतारा में पीएम मोदी ने शावकों को पिलाया दूध, बब्बर शेर संग खिंचाई फोटो



**नईदिल्ली, 05 मार्च [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वन्यजीव संरक्षण, बचाव और पुनर्वास की अनूठी पहल वनतारा को सराहा है। उन्होंने रविवार को गुजरात के जामनगर जिले में पशु बचाव, संरक्षण और पुनर्वास केंद्र वनतारा का उद्घाटन किया और एशियाई शेर के शावकों को दुलारा। उन्होंने शावकों को दूध भी पिलाया। उन्होंने कई लुप्तप्राय जानवरों के साथ वक्त बिताया। उन्होंने वनतारा में किए जा रहे अद्भुत काम के लिए अनंत अंबानी को बधाई दी और विश्व स्तरीय बचाव और पुनर्वास केंद्र स्थापित करने के उनके प्रयासों की प्रशंसा की। पीएम ने वनतारा में विभिन्न सुविधाओं के बारे में जाना। वह वनतारा में वन्यजीव अस्पताल भी गए और पशु चिकित्सा सुविधाओं को देखा जो एमआरआई, सीटी स्कैन, आईसीयू और अन्य सुविधाओं से लैस हैं। प्रधानमंत्री ने अपने इस दौरे से जुड़ी कई तस्वीरें भी साझा कीं। करीब तीन हजार एकड़ क्षेत्र में फैला वनतारा, रिलायंस इंडस्ट्रीज के जामनगर रिफाइनरी कांप्लेक्स में है। यह दो हजार से अधिक प्रजातियों और 1.5 लाख से अधिक बचाए गए लुप्तप्राय और संकटग्रस्त जानवरों का घर हैंपीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, वनतारा नामक अनूठी वन्यजीव संरक्षण, बचाव और पुनर्वास पहल का उद्घाटन किया, जो पारिस्थितिकी स्थिरता और वन्यजीव कल्याण को बढ़ावा देती है।

मैं इस प्रयास के लिए अनंत अंबानी और उनकी पूरी टीम की सराहना करता हूं।

वनतारा जैसा प्रयास वाकई सराहनीय है, यह हमारे सदियों पुराने लोकाचार का जीवंत उदाहरण है कि हम उन जीव-जंतुओं की भी रक्षा करते हैं, जो इस पृथ्वी पर हमारे साथ रहते हैं।पीएम मोदी ने कहा कि वनतारा में उन्होंने एक हाथी को देखा, जो तेजाब हमले का शिकार हुआ था। उन्होंने कहा, हाथी का इलाज किया जा रहा था। अन्य हाथी भी थे, जिन्हें उनके महावतों ने अंधा कर दिया था। एक अन्य हाथी को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी थी।पीएम ने कहा, लोग इतने लापरवाह और क्रूर कैसे हो सकते हैं। आइए हम इस तरह की गैरजिम्मेदारी को खत्म करें और जानवरों के प्रति दया का भाव रखें। मैं वनतारा की टीम को ऐसे कई जानवरों की देखभाल के लिए बधाई देता हूं।

# बीड जिले में अपना प्रभुत्व कायम करना चाहता था हत्यारोपी कराड, चार्जशीट में बड़ा खुलासा



**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड में सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड में सीआईडी ने चार्जशीट में बड़े खुलासे किए हैं। चार्जशीट के अनुसार सरपंच संतोष देशमुख हत्या मामले का मास्टरमाइंड वाल्मीक कराड बीड जिले में अपना प्रभुत्व कामय करना चाहता था, इसलिए उसने यहां दबदबा बनाए रखने और विकास परियोजनाओं से पैसे निकालने के लिए बीड जिले में कई आपराधिक गिरोह बनाए थे। मामले की जांच एजेंसी अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के जांच अधिकारी के सामने पेश हुए एक गुप्त गवाह के हवाले से आरोप पत्र में कहा गया है कि जबरन वसूली की रकम न मिलने पर कराड बेहद गुस्सा हो जाता था और पीड़ितों का अपहरण या हमला करके उन्हें परेशान करता था।मध्य महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में बीड जिले की एक अदालत के समक्ष पिछले सप्ताह देशमुख की हत्या और दो संबंधित मामलों, जिनमें से एक जबरन वसूली का है, उसमें दायर किए गए विशाल आरोप पत्र में पांच गुप्त गवाहों के बयान शामिल हैं।जब सरपंच संतोष देशमुख को प्रताड़ित किया जा रहा था, तब हमलावरों ने 15 वीडियो बनाए थे। आठ तस्वीरें खींचने के साथ ही दो वीडियो कॉल भी किए थे। ये बातें आरोपपत्र में कही गई हैं।

ये वीडियो और तस्वीरें पिछले सप्ताह बीड जिले की एक अदालत में सीआइडी द्वारा पेश किए गए आरोपपत्र का हिस्सा हैं। एक अधिकारी ने आरोपपत्र का हवाला देते हुए बताया कि वीडियो महेश केदार नामक एक आरोपित के स्मार्टफोन से शूट किए गए थे। सरपंच संतोष देशमुख की हत्या से संबंधित वीभत्स तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर सामने आने के बाद मंगलवार को महाराष्ट्र के बीड जिले के कुछ हिस्सों में बंद रहा। पुलिस ने बताया कि जिले के केज और पटोदा में पूर्ण बंद रहा, वहीं कुछ अन्य हिस्सों में आंशिक बंद रहा।वहीं, शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने सरपंच की हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और आरोपितों को मौत की सजा देने की मांग की। पार्टी की पुणे इकाई के अध्यक्ष प्रमोद भांगिरे ने विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हत्या से संबंधित जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार राकांपा नेता धनंजय मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड का पुतला जलाया। महाराष्ट्र के बीड जिले के सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड में चौतरफा घिरे सरकार में राकांपा कोटे से मंत्री धनंजय मुंडे ने मंगलवार को त्यागपत्र दे दिया।

# मंईयां सम्मान को लेकर आया ताजा अपडेट, 2.85 लाख महिलाओं को मिली खुशखबरी, इस दिन खाते में आएंगे 7500 रुपये




**मेदिनीनगर, 05 मार्च [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के बैंक खाते में छह मार्च से राशि भेजी जाएगी। लाभुकों के बैंक खाते में एक साथ जनवरी, फरवरी और मार्च महीने की राशि कुल 7500 रुपये भेजी जाएगी। लेकिन इस बार मंईयां सम्मान योजना से पलामू जिले के 2,85,161 लाभुक ही लाभान्वित होंगे। पहले योजना का लाभ योजना की वेबसाइट के माध्यम से दिया जाता था। लेकिन अब योजना का लाभ पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (पीएफएमएस) के माध्यम से दिया जाएगा। योजना के लाभ से वंचित होंगे 86,621 लाभुक सरकार के निर्देश पर मुख्यमंत्री मंईयां समान योजना के लाभुकों के डाटा पीएफएमएस से मिलान किया गया है। इसमें 86,621 लाभुकों का डाटा डुप्लीकेट की श्रेणी में चला गया है।भौतिक सत्यापन में 1155 लाभुकों की उम्र 51 वर्ष से अधिक पाई गई। इस कारण पलामू जिले के 87,776 लाभुकों को योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा।

दिसंबर माह में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के 3,72,937 लाभुकों को 2500-2500 रुपये बैंक खाता में भेजा गया था।इसके पहले अगस्त माह में 2,71,770, सितंबर माह में 3,41,895, अक्टूबर माह में 3,49,318 व नवंबर माह में 3,56,724 लाभुकों को 1500-1500 रुपये बैंक खाता में भेजा गया था। पहले मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ योजना के वेबसाइट के माध्यम से दिया जाता था। लेकिन अब योजना का लाभ पीएफएमएस के माध्यम से दिया जा रहा है। इस कारण मंईयां समान योजना के लाभुकों का डाटा पीएमएफएस से मिलान किया गया। जिसमें 86,621 लाभुकों का डाटा डुप्लीकेट की श्रेणी में चला गया है। जबकि भौतिक सत्यापन में 1155 लाभुकों की उम्र 51 वर्ष से अधिक मिली। इस कारण पलामू जिले के 87,776 लाभुकों को योजना का लाभ नहीं मिलेगा। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांगवित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा सोमवार को विधानसभा में प्रस्तुत किए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया है।

जैसा की उम्मीद थी, बजट में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए बड़ी राशि कुल 13,363.36 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। यह राशि कई अन्य विभागों के लिए बजट में निर्धारित राशि से अधिक है।वहीं, सर्वजन पेंशन के लिए भी बड़ी राशि का प्रविधान किया गया है। इन दोनों योजनाओं से 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाएं लाभान्वित होंगी।सर्वजन पेंशन के लिए 3,850.66 करोड़ रुपये का बजट में प्रस्ताव किया गया है। कह सकते हैं कि इन दोनों योजनाओं के आगे अन्य विभागों की चमक फीकी है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 18 से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं को प्रति माह 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। वहीं, सर्वजन पेंशन के तहत लगभग 34 लाख लाभुकों को प्रतिमाह एक हजार रुपये पेंशन दी जाती है।

## योगी को बम से उड़ाने की धमकी, VIDEO वायरल होने के बाद मचा हड़कंप

**बस्ती।** एक वाट्सएप ग्रुप पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित करते हुए उन्हें बम से उड़ने के धमकी दी गई है। इसका वीडियो प्रसारित होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अभिषेक कुमार दूबे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि वह सनातन धर्म सर्वोपरि नामक वाट्सएप ग्रुप पर जुड़े हैं। इस ग्रुप में 533 सदस्य हैं। उसी ग्रुप के एक सदस्य जो ग्रुप एडमिन भी है, ने एक वीडियो डाला, जिसमें एक व्यक्ति मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए कह रहा है कि योगी को बम से उड़ा दूंगा। इस धमकी भरे वीडियो के बाद लोगों में नाराजगी है। गौर थाना के उप निरीक्षक विनय सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन की जा रही है।

## सबकुछ हम ठीक करें... अब समय आ गया, ट्रंप के साथ तीखी बहस पर जेलेंस्की ने ऐसा क्यों कहा

**कीव, 05 मार्च [एजेंसी]।**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने व्हाइट हाउस में गत शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बहस को खेदजनक करार दिया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि ट्रंप के साथ टकराव अफसोसजनक था और चीजों को सही करने का समय आ गया है। उनके इस बयान से कुछ घंटे पहले ही व्हाइट हाउस ने यूक्रेन के लिए अमेरिकी सैन्य सहायता रोकने की घोषणा की। जेलेंस्की ने कहा, शुक्रवार को व्हाइट हाउस में हमारी बैठक उस तरह नहीं हुई, जैसी होनी चाहिए थी। यह अफसोस की बात है कि ऐसा हुआ।

अब समय आ गया है कि हम सब कुछ ठीक करें। उन्होंने कहा कि वह स्थायी शांति के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के नेतृत्व में काम करने के लिए तैयार हैं। यूक्रन खनिज समझौता करने के लिए भी तैयार है, जिसके लिए ट्रंप प्रशासन प्रयास कर रहा है। अमेरिका ने तीखी बहस के बाद यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य सहायता पर विराम लगा दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर शांति समझौते पर प्रगति नहीं हुई तो यूक्रेनी नेता बहुत लंबे समय तक नहीं टिकेंगे। हालांकि उन्होंने जेलेंस्की का नाम नहीं लिया। युद्धविराम पर ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि यह सौदा करना इतना मुश्किल नहीं है। इसे बहुत जल्दी किया जा सकता है। अब शायद वे कोई सौदा नहीं करना चाहते हैं। अगर कोई सौदा नहीं करना चाहते हैं तो मुझे लगता है कि वे बहुत लंबे समय तक नहीं टिकेंगे।

# उत्तराखंड में हाइब्रिड वाहनों को वन टाइम टैक्स में छूट देने की तैयारी में सरकार

## UP के कारण राज्य को हो रहा नुकसान

**देहरादून, 05 मार्च [एजेंसी]।**

राज्य सरकार अब इलेक्ट्रिक वाहनों की तर्ज पर हाइब्रिड वाहन, यानी पेट्रोल-डीजल व बैटरी से चलने वाले वाहनों को पंजीकरण के दौरान लिए जाने वाले वन टाइम टैक्स में छूट देने जा रही है। इस प्रस्ताव का परीक्षण हो चुका है। अब इसे कैबिनेट में लाने की तैयारी है। कैबिनेट यदि अपनी स्वीकृति देती है तो प्रदेश में हाइब्रिड वाहनों पर पंजीकरण के दौरान लगने वाले वन टाइम टैक्स, जो की वाहन की कीमत का लगभग 10 प्रतिशत होता है, से छूट मिल सकती है।उत्तराखंड में इस समय हाइब्रिड वाहनों का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। पेट्रोल-डीजल के साथ ही बैटरी से संचालित होने के कारण इनकी स्वीकार्यता बढ़ रही है। इससे न केवल वाहन स्वामियों को लाभ मिल रहा है, बल्कि इनसे प्रदूषण भी कम हो रहा है। साथ ही ये वाहन अधिक सुरक्षित भी हैं।राज्य में इस समय 4000 से अधिक पेट्रोल व डीजल से चलने वाले हाइब्रिड वाहन पंजीकृत हैं। इनकी संख्या अपेक्षित रूप से नहीं बढ़ पा रही है। उत्तर प्रदेश समेत कई राज्य अपने यहां हाइब्रिड वाहनों को टैक्स मुक्त कर चुके हैं। अब उत्तराखंड में भी परिवहन विभाग इन वाहनों को टैक्स में छूट देने की तैयारी कर रहा है।

राज्य में अभी निजी वाहनों से पंजीकरण के दौरान पंजीकरण शुल्क के साथ ही वन टाइम टैक्स लिया जाता है। यह वाहन की कीमत के हिसाब से तय किया जाता है। 10 लाख से अधिक कीमत के वाहनों से 10 प्रतिशत वन टाइम टैक्स लिया जाता है। हाइब्रिड वाहनों की न्यूनतम कीमत 18 लाख है। ऐसे में इन वाहनों को 10 प्रतिशत छूट देने की तैयारी है। छूट देने का यह कदम इसलिए भी उठाया जा रहा है, क्योंकि उत्तर प्रदेश पहले से ही हाइब्रिड वाहनों को यह छूट दे रहा है। इससे हाइब्रिड वाहन लेने वाले अधिकांश वाहन स्वामी उत्तर प्रदेश से ही वाहन खरीद रहे हैं।उत्तर प्रदेश से वाहन लेने पर उस वाहन की बिक्री से मिलने वाला जीएसटी भी उत्तर प्रदेश को मिल रहा है। इससे उत्तराखंड को नुकसान हो रहा है। इसी तर्क को आधार बनाते हुए परिवहन विभाग ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है।

## केरल हाई कोर्ट ने रैगिंग के खिलाफ सुनवाई लिए गठित की विशेष पीठ, याचिका में Ragging को बताया सामाजिक बुराई

**कोच्चि।** केरल हाई कोर्ट ने मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश नितिन जामदार की अध्यक्षता में एक विशेष पीठ का गठन किया, जो राज्य के विधिक सेवा प्राधिकरण (केएलएसए) द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करेगी।याचिका में रैगिंग विरोधी कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन और रैगिंग की घटनाओं की निगरानी के लिए एक तंत्र की स्थापना की मांग की गई है। यह याचिका मुख्य न्यायाधीश नितिन जामदार और न्यायमूर्ति एस मनु की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई, जिसने विशेष पीठ के गठन का निर्देश दिया। केएलएसए ने अपनी याचिका में कहा है कि रैगिंग एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जिसका प्रकोप शैक्षणिक संस्थानों में जारी है तथा उसके कारण विद्यार्थियों को गंभीर मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और यहां तक कि शारीरिक नुकसान भी हो रहा है।

# झूठी शिकायतों के दबाव में न आएं, पद संभालने के बाद सीईओ सम्मेलन में और क्या बोले CEC ज्ञानेश कुमार




**नईदिल्ली, 05 मार्च [एजेंसी]।**

राजनीतिक दलों की ओर से मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर लगातार लगाए जा रहे नए-नए आरोपों के बीच चुनाव आयोग ने मंगलवार को सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के चुनावी प्रक्रिया से जुड़े शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिए है, कि वह राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठकें करें।साथ ही उनके और से उठाए जा रहे मुद्दों को तत्परता से निपटाएं। आयोग ने यह निर्देश ऐसे समय दिए है, जब तृणमूल कांग्रेस की नेता व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मतदाता सूची में गड़बड़ी के मुद्दे को लेकर मुखर है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ( सीईओ) के दो दिन के सम्मेलन को संबोधित करते हुए ये निर्देश दिए हैं।बैठक में सभी राज्यों के जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ ) और प्रत्येक राज्य से एक-एक मतदाता पंजीयन अधिकारी ( ईआरओ ) भी मौजूद थे। आयोग ने सभी राज्यों के सीईओ से 31 मार्च तक इस मुद्दे पर अमल रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त की जिम्मेदारी संभालने के बाद ज्ञानेश कुमार पहली बार सभी राज्यों के सीईओ सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्यों के सीईओ व डीईओ से कहा है कि मुद्दों को निपटाने में तय नियम प्रक्रियाओं का पालन किया जाए। आयोग ने इस दौरान बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) और चुनाव से जुड़े दूसरे अधिकारियों को इस बात के लिए प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए है, कि वह झूठी शिकायतों पर बिल्कुल भी दबाव में न आएं। साथ ही मतदाताओं के साथ शालीनता के साथ पेश आएं। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के साथ चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू व डा विवेक जोशी ने सीईओ के साथ कई विषयों पर बातचीत की। जिससे चुनाव सुधारों से जुड़ी पहले भी शामिल है। इस दौरान चुनाव प्रक्रिया से जुड़े 28 अलग-अलग हितधारकों की पहचान की गई है। जिनमें सीईओ, डीईओ व ईआरओ के साथ राजनीतिक दल, उम्मीदवार, मतदान एजेंट आदि शामिल हैं। बैठक में अलग-अलग सत्रों में प्रत्येक हितधारकों की क्षमता निर्माण की प्रक्रिया को और मजबूती देने पर विमर्श हुआ है। सम्मेलन के अंतिम दिन पांच मार्च को विमर्श में अंतिम रूप दिए गए विषयों का ब्यौरा दिया जाएगा।

# गोगोई की पत्नी मामले में बढ़ रहा विवाद, सीएम हिमंत बोले- भारत में ISI की भूमिका की जांच में इंटरपोल की लेंगे मदद



**गुवाहाटी, 05 मार्च [एजेंसी]।**


कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की ब्रिटिश पत्नी और पाकिस्तानी नागरिक से जुड़े मामले को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख के भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही, मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के आंतरिक मामलों में आइएसआइ की भूमिका की जांच के लिए अगर जरूरत पड़ी तो भारत सरकार इंटरपोल जैसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की मदद ले सकती है। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भी जानकारी दे दी गई है। गौरतलब है कि सरमा और भाजपा लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गोगोई पर हमला करते रहे हैं और आरोप लगाते रहे हैं कि उनकी पत्नी के आइएसआइ और पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख से संबंध हैं। हालांकि, मुख्यमंत्री ने कहा कि जांच अभी शुरुआती चरण में है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि मामला बहुत संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि सरकार आने वाले दिनों में इसे यथासंभव आगे बढ़ाएगी। राज्य पुलिस ने 17 फरवरी को असम और भारत के आंतरिक मामलों पर इंटरनेट मीडिया पर की गई टिप्पणियों के संबंध में पाकिस्तानी नागरिक के खिलाफ मामले की जांच के लिए एक एसआइटी का गठन किया था।

पाकिस्तान योजना आयोग के सलाहकार और गोगोई की ब्रिटिश पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न के पूर्व सहयोगी शेख पर विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि एसआइटी ने पाकिस्तानी नागरिक से संबंधित बहुत सारी प्रारंभिक जानकारी हासिल की है। गृह मंत्रालय मुख्यमंत्री के पास है। उन्होंने कहा कि जब वह भारत आए थे, तो उनके साथ पाकिस्तान के कई लोग थे। यहां तक कि पाकिस्तान के अटार्नी जनरल जैसे लोग भी भारत आए और लोगों की नजरों से दूर रहने के लिए छोटे होटलों में रुके। यह पूरा दौरा 2018 तक जारी रहा।उन्होंने दावा किया कि शेख 18-20 बार भारत आए, असम के बारे में ट्वीट और टिप्पणियां कीं और असमिया लोगों के संपर्क में थे। उन्होंने कहा कि हमें एक असमिया महिला का नाम मिला है, जिसका पति जेएनयू में काम करता है और वे दोनों इस शख्स के संर्पक में थे। जांच किसी एक व्यक्ति पर केंद्रित नहीं है, लेकिन ऐसा देखा गया है कि भारत में आईएसआई या पाकिस्तानी सरकार का प्रभाव है। गोगोई ने आरोप लगाया है कि भाजपा उन्हें और उनके परिवार को बदनाम करने की हरसंभव कोशिश कर रही है और उन्होंने कहा कि वह उचित कानूनी कार्रवाई करेंगे।

## पाकिस्तान में बड़ा आत्मघाती हमला, विस्फोटक भरी कार लेकर सेना परिसर में घुसे आतंकी, नौ लोगों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान में मंगलवार को एक आत्मघाती हमले में नौ लोगों की मौत हो गई। एएफपी के मुताबिक पुलिस ने बताया कि आतंकवादी समूह के दो आत्मघाती हमलावरों ने विस्फोटकों से भरी दो कारों को सेना परिसर में घुसा दिया, जिसके बाद एक भयंकर विस्फोट हुआ। जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई।पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि अब तक दोनों हमलों में कम से कम छह नागरिक मारे गए हैं, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं।इसके साथ ही जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि आत्मघाती हमलावरों ने विस्फोटकों से भरे दो वाहनों को बन्नू छावनी के सेना परिसर में घुसा दिया, जिसके बाद एक के बाद एक दो धमाके हुए। जिसके बाद कई आतंकवादियों ने परिसर पर हमला करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर मौजूद सुरक्षा बलों की उनसे मुठभेड़ हुई। प्रारंभिक रिपोर्टों से पुष्टि होती है कि चार आतंकवादी मारे गए हैं। पांच से छह और हमलावरों ने छावनी में घुसने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें मार गिराया गया। क्षेत्र में ऑपरेशन अभी भी जारी है। अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा बल शेष हमलावरों का पीछा कर रहे हैं।

## पॉक्सो मामलों की सुनवाई के लिए पर्याप्त जज नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- वर्षों से इनके पद खाली



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि देश के ट्रायल कोर्ट में पॉक्सो कानून के अंतर्गत मामलों की सुनवाई के लिए पर्याप्त जज नहीं हैं, जो इसके खिलाफ यौन अपराधों से निपटने के लिए हर जिले में एक विशेष अदालत स्थापित करने जैसे इसके निर्देशों को लागू कर सकें।जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की पीठ 2019 के एक मामले को स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रही थी, जिसका शीर्षक बाल दुष्कर्म की रिपोर्ट की गई घटनाओं में चिंताजनक बढ़ोतरी था। सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों के मामलों से विशेष रूप से निपटने के लिए पॉक्सो अधिनियम के तहत 100 से अधिक एफआईआर वाले हर जिले में एक केंद्रीय-वित्तपोषित न्यायालय की स्थापना करने समेत कई निर्देश पारित किए थे। जस्टिस त्रिवेदी ने कहा, जिला अदालतों में रिक्त पदों को देखते हुए कुछ निर्देश अभी भी अधूरे हैं। हमारे जिला न्यायालयों में न्यायाधीश नहीं हैं। वर्षों से पद रिक्त पड़े हुए हैं। हमें जिला न्यायपालिका में पर्याप्त न्यायाधीश नहीं मिल रहे हैं। पीठ ने कहा कि 2019 के अन्य निर्देशों का पालन किया गया है और अब 25 मार्च को इस मामले का निपटारा किया जा सकता है। वहीं, पीठ ने उस रिपोर्ट पर भी ध्यान दिया जिसमें समय पर पॉक्सो मुकदमे पूरा करने में सबसे बड़ी बाधा फोरेंसिक लैब से रिपोर्ट मिलने में देरी को बताया गया। रिपोर्ट के अनुसार 1 जनवरी से 30 जून 2019 तक देशभर में बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों की 24,212 एफआईआर दर्ज की गईं। इनमें से 11,981 मामलों की जांच अभी भी पुलिस कर रही है और 12,231 केसों में चार्जशीट फाइल कर दी गई है।

# रोजमर्रा की कई समस्याओं का समाधान बन सकता है नींबू के छिलकों का इस्तेमाल



नींबू का उपयोग तो हम सभी करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके छिलके भी बहुत काम आ सकते हैं?

नींबू के छिलके में कई ऐसे गुण होते हैं, जो हमारे रोजमर्रा के कुछ कामों को आसान बना सकते हैं।

इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कैसे आप नींबू के छिलकों का सही तरीके से उपयोग कर सकते हैं। ये टिप्स हर किसी के लिए फायदेमंद हो सकती हैं।

घर की सफाई में करें इस्तेमाल

नींबू के छिलके घर की सफाई में बहुत मददगार होते हैं।

अगर आपकी रसोई या बाथरूम में जिद्दी दाग लगे हों, तो नींबू के छिलकों को नमक या बेकिंग सोडा के साथ मिलाकर उन पर रगड़ें। इससे दाग आसानी से हट जाएंगे और सतह चमक उठेगी।

इसके अलावा नींबू का प्राकृतिक एसिडिक गुण बैक्टीरिया को मारने में भी सहायक होता है, जिससे आपका घर स्वच्छ रहता है।

प्राकृतिक एयर फ्रेशनर बनाएं

नींबू के छिलकों से आप एक प्राकृतिक एयर फ्रेशनर बना सकते हैं।

इसके लिए कुछ नींबू के छिलकों को पानी में उबालें और उसमें थोड़ी सी दालचीनी डाल दें। इस मिश्रण को ठंडा होने दें और फिर इसे स्प्रे बोतल में भरकर कमरे में स्प्रे करें।

इससे आपके कमरे की हवा ताजगी भरी रहेगी और कृत्रिम रसायनों से बचाव होगा। यह तरीका पर्यावरण के अनुकूल है और आपकी जेब पर भी भारी नहीं पड़ेगा।

कपड़ों की खुशबू बढ़ाएं

अगर आपके कपड़े अलमारी या ड्रॉअर में रखे-रखे बदबुदार हो गए हों तो उनमें कुछ सूखे हुए नींबू के छिलके रख दें।

ये छिलके न केवल बदबू को दूर करेंगे बल्कि कपड़ों को एक ताजगी भरी खुशबु भी देंगे, जिससे वे लंबे समय तक महकते रहेंगे।

यह तरीका खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो आर्टिफिशियल सुगंधों से बचना चाहते हैं और प्राकृतिक विकल्प अपनाना पसंद करते हैं।

त्वचा की देखभाल करें

नींबू का छिलका आपकी त्वचा की देखभाल के लिए एक बेहतरीन तरीका हो सकता है। इसमें विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है, जो त्वचा को निखारने और उसे स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है।

इसके लिए कुछ सूखे हुए नींबू के छिलकों को पीसकर उसमें थोड़ा-सा शहद मिलाएं और इसे चेहरे पर लगाएं।

यह मिश्रण आपकी त्वचा को तरोताजा महसूस कराएगा और उसे प्राकृतिक चमक देगा। इसके नियमित उपयोग से आपकी त्वचा की रंगत में सुधार होगा।

बर्तन चमकाने का उपाय

अगर आपके बर्तन धुंधले और पुराने दिख रहे हों तो उन्हें चमकाने के लिए नींबू का छिलका एक बेहतरीन उपाय हो सकता है।

इसके लिए थोड़ा-सा नमक लें और उसे नींबू के छिलके पर डालकर बर्तनों पर रगड़ें, फिर पानी से धो लें। इससे आपके बर्तन नई जैसी चमक पाने लगेंगे और वे साफ-सुथरे दिखेंगे।

यह तरीका खासकर स्टील या तांबे जैसे धातुओं पर बहुत अच्छा काम करता है, जिससे आपके किचन का सामान हमेशा चमकता रहेगा।

## दक्षिण भारतीय फिल्म में डेब्यू के लिए तैयार सोनाक्षी सिन्हा, जल्द शुरू होगी शूटिंग



बॉलीवुड में 'दबंग', 'तेवर' जैसी फिल्में देने वाली अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं। जानकारी के अनुसार अभिनेत्री तेलुगू भाषा की फिल्म 'जटाधारा' में नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। 'जटाधारा' में सुधीर बाबू भी हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। इंडस्ट्री के सूत्रों ने अभिनेत्री के फिल्म में शामिल होने के संकेत दिए हैं। फिल्म में सोनाक्षी को एक मजबूत और अलग तरह की भूमिका के लिए चुना गया है। अपकमिंग फिल्म 'जटाधारा' के बारे में बता दें, फिल्म का मुहूर्त पूजन हाल ही में हैदराबाद के एक मंदिर में किया गया। धूमधाम से आयोजित समारोह में मुख्य अतिथियों के तौर पर निर्देशक हरीश शंकर, 'पुष्पा 2: द रूल' के निर्माता रवि शंकर समेत फिल्म जगत के अन्य सितारे शामिल हुए। मुहूर्त पूजन में निर्देशक वेंकी अटलूरी, निर्देशक मोहना इंद्रगांती, शिल्पा शिरोधाकर समेत अन्य ने शिरकत की। 'जटाधारा' एक्शन और सस्पेंस से भरपूर मनोरंजक फिल्म है, जिसमें अभिनेता सुधीर बाबू मुख्य भूमिका में हैं। 'जटाधारा' की पौराणिक कथाओं के साथ कहानी को निर्माताओं ने मनोरंजक मोड़ दिया है। फिल्म के बारे में सुधीर बाबू ने कहा, मैं इस नई यात्रा के लिए रोमांचित हूं। जटाधारा का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। मैं इस किरदार को निभाने के लिए उत्साहित हूं। स्क्रिप्ट में हमारी समृद्ध पौराणिक मान्यताओं को वैज्ञानिक तथ्यों के साथ सहजता से जोड़ा गया है, जो दर्शकों के लिए एक बेहतरीन और नया अनुभव लेकर आएगा और मेरा मानना है कि यह दर्शकों पर एक खास प्रभाव छोड़ेगा।'जटाधारा' के मुहूर्त समारोह में जी स्टूडियो के प्रस्तुतकर्ता उमेश के.आर. बंसल और प्रेरणा वी. अरोड़ा भी शामिल हुईं।

# प्रेग्नेंसी के दौरान गर्भवती महिलाएं अपने डाइट में शामिल करें ये फूड आइटम्स, जच्चा-बच्चा दोनों रहेंगे हेल्दी



गर्भवती होना हर महिला के लिए एक खास एहसास होता है. ऐसे में इस समय अपनी सेहत का ख्याल रखना ज्यादा जरूरी है. गर्भावस्था के दौरान जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं, क्योंकि इस दौरान मां के गर्भ में बच्चा भी बढ़ रहा होता है, जिसकी पूरी देखभाल की जरूरत होती है. इसलिए, गर्भावस्था के दौरान उचित आहार लेना बहुत महत्वपूर्ण है. ताकि मां और बच्चा दोनों स्वस्थ रह सकें. गर्भवती महिलाओं द्वारा इन खाद्य पदार्थों को खाने से उनके शरीर में आयरन के स्तर को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है.

* खजूर, अंजीर और किशमिश: खजूर, अंजीर और किशमिश आयरन, मैग्नीशियम, विटामिन ए और सी से भरपूर होते हैं. गर्भवती महिलाओं को ऊर्जा और आयरन के स्तर को बनाए रखने के लिए 2-3 खजूर, 2 अंजीर और एक चम्मच किशमिश को रात भर भिगोकर सुबह खाना चाहिए.

* आंवला, चुकंदर और गाजर: चुकंदर और गाजर आयरन से भरपूर होते हैं, जबकि आंवला विटामिन सी से भरपूर होता है. आंवले में मौजूद विटामिन सी अन्य दो से आयरन के स्तर को बढ़ाता है. इसलिए, तीनों को एक साथ खाने से गर्भवती महिलाओं के शरीर में आयरन का स्तर बढ़ सकता है.

* नारियल: नारियल में आयरन प्रचुर मात्रा में होता है. इसलिए, खजूर को लड्डू के रूप में खाने, नारियल को गुड़ के साथ खाने या नारियल पानी के रूप में पीने से एनीमिया से लड़ने और हीमोग्लोबिन बढ़ाने में मदद मिलती है. यह सीने में जलन और कब्ज को भी रोक सकता है.

* अनार: अनार में विटामिन के, विटामिन सी, फाइबर, पोटैशियम और प्रोटीन भरपूर मात्रा में होता है. वैसे तो कई ऐसे फल हैं जिनमें आयरन की मात्रा अधिक होती है, लेकिन विशेषज्ञ एनीमिया के लिए अनार खाने की सलाह देते हैं. क्योंकि इसमें विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है. चूंकि अनार में विटामिन सी प्रचुर मात्रा में होता है, इसलिए हमारा शरीर इसमें मौजूद आयरन को आसानी से अवशोषित कर लेता है.

* हरी मूंग दालें: मूंग दालों में फोलेट होता है। इसमें आयरन, प्रोटीन और फाइबर भी प्रचुर मात्रा में होता है. जो गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के लिए अधिक आवश्यक है. इसलिए अधिकतम लाभ के लिए, कच्चे अंकुरित अनाज के बजाय उन्हें पकाकर खाएं.

* भुने हुए चने: चने में 22 फीसदी आयरन होता है. जिससे शरीर में लाल रक्त कणिकाओं की संख्या बढ़ती है. इससे गर्भावस्था के दौरान थकान और मतली से कुछ राहत मिलती है.

* चने: चने में आयरन, कैल्शियम और फोलेट जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं, जो बच्चे के स्वस्थ विकास और मां के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं.

* बादाम: बादाम में मौजूद आयरन प्रतिरक्षा और हृदय के विकास में सुधार करने में मदद करता है. इससे मां के शरीर से बच्चे तक ऑक्सीजन पहुंचाने में मदद मिलती है. यह गर्भवती महिलाओं को थकान से राहत दिलाने में भी मदद करता है.



## रिवीलिंग लहंगा पहन रकुल प्रीत सिंह दिखीं बला की खूबसूरत

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। बी-टाउन की खूबसूरत हसीना रकुल प्रीत सिंह अक्सर अपने लेटेस्ट लुक्स को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने गोल्डन कलर का रिवीलिंग स्टाइलिश गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टा पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइल को फॉलो करते हैं। गले में नेकलेस, खुले बाल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये ग्लैमरस अवतार देखकर फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।

## वेब सीरीज खाकी: द बंगाल चैप्टर का ऐलान, खून या कानून; किसकी होगी जीत?

नीरज पांडे के निर्देशन में बनी वेब सीरीज खाकी: द बिहार चैप्टर को काफी पसंद किया गया था। इसमें करण टैकर, रवि किशन, अविनाश तिवारी, अभिमन्यु सिंह और आशुतोष राणा जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में नजर आए थे। यह सीरीज 25 नवंबर, 2022 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। अब लगभग 2 साल बाद खाकी: द बिहार चैप्टर के दूसरे सीजन का ऐलान हो गया है, जिसका नाम खाकी: द बंगाल चैप्टर रखा गया है। खाकी: द बंगाल चैप्टर का पहला पोस्टर सामने आ गया है, जिसमें तमाम सितारों की झलक दिख रही है। यह सीरीज जल्द ही नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, खून या कानून, किसकी होगी जीत? इस सीरीज में निकिता दत्ता, जतिन सरना, श्रद्धा दास और अनूप सोनी जैसे सितारे नजर आएंगे। नीरज पांडे ही दूसरे सीजन का निर्देशन करने वाले हैं।

## शब्द सामर्थ्य - 345

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | |
| | ■ | 5 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 6 | | | | ■ | 7 | 8 | | 9 |
| | ■ | | ■ | 10 | | | ■ | |
| ■ | 11 | | | | ■ | 12 | | |
| 13 | | ■ | ■ | 14 | 14ए | | ■ | ■ |
| | ■ | 15 | | | | ■ | 16 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 17 | | 18 |
| ■ | 19 | | | ■ | 20 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 344 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ढ़ा |
| त | ■ | ■ | स्व | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | र्दा | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नौ | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |

### स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए बजट में महत्वपूर्ण प्रावधान-जायसवाल

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पेश किया ऐतिहासिक बजट

**कोरिया।** 2025-26 के बजट में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। सरकार का लक्ष्य प्रदेश के नागरिकों को सुलभ, आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसी दिशा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत ?1,850 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा। वहीं, शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के लिए ?1,500 करोड़ की राशि आवंटित की गई है, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। यह बजट स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इससे न केवल गरीबों और जरूरतमंदों को निःशुल्क उपचार मिलेगा, बल्कि स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार भी होगा। उन्नत चिकित्सा सुविधाओं के लिए मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों का आधुनिकीकरण, प्रदेश के नागरिकों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सा संस्थानों का उन्नयन किया जा रहा है। डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल, रायपुर में उन्नत कार्डियक संस्थान के विस्तार के लिए ?10 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिससे हृदय रोगियों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा मिलेगी। इसी क्रम में, रायपुर मेडिकल कॉलेज में कैंसर और अन्य गंभीर रोगों के उपचार हेतु आधुनिक उपकरणों की खरीद के लिए ?20 करोड़ की राशि आवंटित की गई है। इसके अतिरिक्त रायपुर में ए.आर.टी. केंद्र की स्थापना के लिए ?10 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है, जिससे निस्संतान दंपतियों को विशेष उपचार की सुविधा मिल सकेगी।



वहीं स्र्ख्रं और ष्ट्ज्ञ स्कैन मशीनों की स्थापना हेतु 35 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिससे सरकारी अस्पतालों में उन्नत डायग्नोस्टिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस पर श्री जायसवाल ने कहा, राज्य में उन्नत चिकित्सा सेवाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकता है। इस बजट के माध्यम से सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों को आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे प्रदेशवासियों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नई पहल-छत्तीसगढ़ सरकार का विशेष ध्यान ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर है। इसी के तहत, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 13 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। वहीं, सिकल सेल रोग की रोकथाम और उपचार हेतु विशेष सिकल सेल संस्थान स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए 13 करोड़ का प्रावधान किया गया है।इसके अलावा, सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों की स्थापना के लिए 132 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है। साथ ही, छत्तीसगढ़ आपातकालीन चिकित्सा प्रतिक्रिया सेवा योजना के तहत 21 करोड़ की राशि आवंटित की गई है, जिससे आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से उपलब्ध हों। इस बजट में हाट-बाजार क्लिनिक योजना और सिकल सेल संस्थान जैसी नई पहलों के माध्यम से प्रदेश के हर नागरिक को स्वास्थ्य सुविधा देने का संकल्प लिया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार का यह बजट राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इन प्रावधानों से प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी और राज्य का चिकित्सा ढांचा अधिक मजबूत होगा।

## बेटी बचाओ बेटी पढाओं के तहत कस्तूरबा गांधी छात्रावास में जागरूकता कार्यक्रम

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के दिशा निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के मार्गदर्शन में जिला सूरजपुर को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत दिनांक 24 फरवरी से 8 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन जिले में विभिन्न स्तरों में आयोजित किया जाना है। इसी क्रम में आज कार्यक्रम कस्तुरबा गांधी छात्रावास में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम किया गया। संरक्षण अधिकारी श्रीमती इंन्द्र कुमारी तिवारी ने लिंग भेद, भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, लैंगिक अपराध बाल विवाह विषय पर अपने विचार रखे उन्होंने कन्या जन्म होने पर खुशी मनाने के संबंध में योजनाओं जैसे नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि मुख्यमंत्री कन्या विवाह आदि की जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को बाल विवाह से होने वाले हानियों के बारे में विस्तार से बताया गया एवं साथ ही बच्चों को लैंगिक अपराध गुड टच बैड टच की जानकारी सभी छात्रों को दी गई। छात्राओं को मुश्किल समय आने पर अपनी सुरक्षा कैसे करनी है और किसी भी व्यक्ति के गुड टच और बैड टच को समझना और सतर्क रहना एवं तत्काल उसके विरूद्ध कार्यवाही के लिये थाना में सूचना देना या टोल फ्री न. 1098, 112 पर कॉल कर बताने के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही बताया कि हमारे देश में लैंगिक असमान्ता इतना बढ़ गया है कि आज कई समाज मे लडकियों की कमी महसूस हो रही है लिंग परीक्षण कराना गैर कानूनी है उसके बाद बावजूद लोग दो बेटी होने के बाट तीसरी संतान पुत्र हो सके इसके लिए लिंग परीक्षण कराते हैं यह गैर कानूनन जूर्म है। शिक्षा एक ऐसी चाभी है जिससे सभी समस्या रूपी ताला खूलने वाला है। खूब पढे ओर खूब बढ़ें। कार्यक्रम में कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीडन अधिनियम 2013, आंतरिक शिकायत समिति के बार विस्तृत रूप से चर्चा की गई। उपरोक्त जागरूकता कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग से संरक्षण अधिकारी श्रीमती इंन्द्र कुमारी तिवारी, सखी वन स्टॉप सेन्टर से श्रीमती आशा गोड पैरालिगल वालेंटियर, कस्तूरबा गांधी छात्रावास की अधीक्षीका श्रीमती सुमन वर्मा एवं सभी शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

## हिंदी बॉलीवुड वेब सीरीज गुत्थी के प्राथमिक कार्यशाला का आयोजन बैकुंठपुर में सम्पन्न



**कोरिया/बैकुंठपुर।** हिंदी बॉलीवुड वेब सीरीज गुत्थी का कार्यशाला का प्राथमिक आयोजन बैकुंठपुर के महंगी लाल अग्रवाल नगर में आयोजित किया गया जिसमें कोरिया जिले के युवाओं एवं युवतियों को एक्टिंग से संबंधित सभी बातों एवं योग के साथ एक्टिंग से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। डायरेक्टर राम गोस्वामी से मिली जानकारी के मुताबिक बहोत जल्द अम्बिकापुर में भी कार्यशाला का आयोजन जल्द ही किया जाएगा उसके बाद एन.एस.डी. से कुछ विशेष टीचर के द्वारा एक बार फिर से कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिससे कोरिया एवं सरगुजा से जो एक्टिंग के इक्षुक अभ्यर्थी है उनको एक सही दिशा मील सके एवं वेब सीरीज का भी शूट जल्द से जल्द प्रारंभ हो सके अभी तक टीम के द्वारा शूट का डेट सस्पेंस में रखे हुए है।

## 23 मार्च से शुरू होगा राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान, कलेक्टर ने की समीक्षा बैठक

**कोरिया/बैकुंठपुर।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान 23 मार्च से शुरू होने जा रहा है। इस अभियान की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण से मिली जानकारी के अनुसार, अभियान के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिला परियोजना अधिकारी को राज्य साक्षरता मिशन के निर्देशों का विकासखंडों तक प्रचार-प्रसार, नामांकन, पंजीकरण, डाटा कम्प्यूटरीकरण और परीक्षा की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ग्राम सचिवों की बैठक आयोजित कर परीक्षा केंद्रों पर सुविधाएं उपलब्ध कराने और प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है।विकासखंड शिक्षा अधिकारी/नोडल अधिकारी को परीक्षा संचालन, मूल्यांकन और परीक्षा केंद्रों तक प्रश्न पत्रों की सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। संकुल प्राचार्यों और समन्वयकों को परीक्षा केंद्रों पर समन्वय, उत्तर पुस्तिकाओं की जांच और डाटा एंट्री में सहयोग करने का कार्य सौंपा गया है।




कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, महापरीक्षा अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए दीवारों पर नारा लेखन और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों से सामूहिक प्रयासों से इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया है, ताकि अधिक से अधिक शिक्षार्थी लाभान्वित हो सकें और साक्षरता दर में वृद्धि हो।

## समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**कोरिया/बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय समय-सीमा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों की लंबित योजनाओं और प्रकरणों की समीक्षा की गई।




बैठक में कलेक्टर ने आगामी गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जिले के दूरस्थ स्वास्थ्य केंद्रों, आश्रम-शालाओं और आंगनवाड़ी केंद्रों में समुचित पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, बिगड़े हुए हैंडपंपों को तत्काल सुधारने और पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने जिले के दूरस्थ स्वास्थ्य केंद्रों में पेयजल समस्या को दूर करने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं क्रेडा की संयुक्त टीम गठित कर तत्काल पेयजल समस्या का निराकरण करने की हिदायत दी। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आचार संहिता समाप्त हो चुकी है, इसलिए शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं पर त्वरित गति से कार्य करें और हितग्राहियों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन प्रकरण, संविदा भर्ती कार्य सहित आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए। एग्रीस्टैक परियोजना के तहत 5 मार्च से शुरू हो रहे कृषक पंजीयन शिविर के सम्बंध में कलेक्टर ने जानकारी ली और शिविर आयोजित होने वाले गांवों में मुनादी कराने के निर्देश दिए ।किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त करने और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से एग्रीस्टैक परियोजना के तहत 5 मार्च से कृषक पंजीयन शुरू किया जा रहा है। कलेक्टर ने सड़कों पर आवारा मवेशियों के घूमने, बैठने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पशुपालन विभाग, जनपद पंचायत, नगरीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश देते कहा मवेशी हटाने का अभियान चलाएं।कलेक्टर ने आश्रम शालाओं, स्वास्थ्य केन्द्रों व आंगनवाड़ी केन्द्रों में सम्बंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए हैं और अव्यवस्था पाए जाने पर तत्काल सम्बंधित विभाग द्वारा निराकरण कराए जाने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण मरकाम, डी.डी. मंडावी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला पंचायत कोरिया के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया को सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने अपर कलेक्टर अरुण मरकाम को पीठासीन अधिकारी तथा जिला पंचायत के उपसंचालक श्रीमती ऋतु साहू को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है। निर्वाचन प्रक्रिया आज जिला पंचायत कोरिया के मंथन सभाकक्ष में संपन्न होगी। यह निर्वाचन छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के तहत निर्धारित प्रक्रिया व नियमों का पालन करते हुए किया जाएगा।पीठासीन अधिकारी इस निर्वाचन की अध्यक्षता करते हुए निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से प्रक्रिया को पूर्ण कराएंगे। जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव स्थानीय प्रशासनिक व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि यह पंचायत के कार्यों, विकास योजनाओं और नीतियों को दिशा देने में अहम भूमिका निभाता है। इस निर्वाचन को लेकर जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रीय जनता में उत्सुकता बनी हुई है।

### 9 सूत्रीय मांगों को लेकर पेंशनरों ने किया प्रदर्शन

**रायपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश सेवानिवृत्त दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी प्रकोष्ठ के तत्वावधान में निर्धारित आंदोलन कार्यक्रम के तहत अटलनगर नवा रायपुर स्थित प्रमुख अभियंता जलसंसाधन विभाग कार्यालय के समक्ष प्रमुख मांग दैनिक वेतन भोगी के रूप में किए गए सेवाकाल को पेंशन गणना में शामिल करने सहित 9 सूत्रीय मांगों को लेकर दैनिक वेतनभोगी से सेवानिवृत पेंशन भोगी कर्मचारियों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन व घेराव किया गया। प्रदर्शन में भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव, प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनिल पाठक, विनोद जैन, बी एस दसमेर, अनिल गोलहानी, आर जी बोहरे, शत्रुघ्न प्रसाद दुबे, नैन सिंह, उमेश सिंह , दाऊ लाल अग्रवाल, संतोष कुमार मिश्रा, अनूप श्रीवास्तव,नागेन्द्र सिंह, आदि के साथ महासमुंद, रायपुर, बिलासपुर , जांजगीर, अंबिकापुर, रायगढ़, सक्ती, सारंगढ़ बलौदा बाजार, जिले के सैंकड़ों कर्मचारी शामिल हुए।

## साइबर सुरक्षा उपायों को मजबूत करने पर होगा काम

**सूरजपुर।** साइबर सुरक्षा उपायों को मजबूत करने, सिम आधारित धोखाधड़ी को रोकने, ऑनलाईन फ्रांड से निपटने, फर्जी सिम के उपयोग पर पूर्णतः अंकुश लगाने एवं साइबर अपराध की विवेचना पेशेगत तरीके से कराने को लेकर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने सोमवार, 03 मार्च 2025 को पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारियों को कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपनी आईडी पर फर्जी सिम कार्ड जारी कराता है या करता है अथवा मनी म्यूलिंग में शामिल होता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। आम जनता को बताए कि साइबर ठगी या फर्जी सिम कार्ड से जुड़ी कोई भी जानकारी मिलती है, तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या नजदीकी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराएं, ऐसी कोई भी शिकायत मिलने पर फौरन एक्शन ली जाए। जिले की पुलिस फर्जी सिम जारी करने वालों के डाटा भी खंगाल रही है।



डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर ने पुलिस अधिकारियों को कहा कि साईबर पुलिस पोर्टल का उपयोग करें, साइबर धोखाधड़ी से निपटने के लिए कड़ा रुख अपनाए, सिम कार्ड के साथ धोखाधड़ी करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए, जालसाजी कर दूसरे के नाम पर सिम जारी कराकर उपयोग के लिए दूसरों को देने वालों को चिन्हित करें, ऐसे संस्थान/दुकान जो नियमों का उल्लंघन करते है उन्हें ब्लैकलिस्ट करने सिम कंपनियों को सूचित करें और कानूनी कार्यवाही के साथ ही सीम विक्रय को लेकर प्रतिबंध लगवाए। साइबर अपराध से जुड़े मामलों में समुचित कार्यवाही कर जल्द निराकरण किए जाए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, डीएसपी रितेश चौधरी, अनूप एक्का, डीएसपी अजाक पी.डी.कुजूर, जिले के थाना/चौकी प्रभारी, जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारीगण मौजूद रहे। जिले के थाना-चौकी व साइबर सेल को निर्देशित किया गया है कि चलित थाना, ग्राम चौपाल, ग्राम भ्रमण के के दौरान तथा सोशल मीडिया के माध्यम से साइबर अपराध से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करें। ताकि आम लोगों के दस्तावेजों पर फर्जी सिम कार्ड जारी न हो सके, साइबर अपराधी सिम कार्ड का उपयोग डिजिटल ठगी, शेयर ट्रेडिंग फ्रांड और केवाईसी अपडेट के नाम पर न कर सके। डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर ने कहा कि इन आयोजनों में लोगों को बताए कि किसी अन्य के नाम से जारी सिम कार्ड का उपयोग करना या भ्रामक संदेश भेजना अपराध की श्रेणी में रखा गया है ऐसा करने पर जेल भी भेजा जा सकते है। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने साइबर अपराध से बचने के टिप्स बताते हुए कहा कि अपने डिवाइस और सॉफ़्टवेयर को अपडेट रखें, एंटीवायरस और मैलवेयर सुरक्षा सॉफ़्टवेयर इंस्टॉल करें, अपने सभी अकाउंट के लिए अलग-अलग और अनोखे पासवर्ड का इस्तेमाल करें, फ़र्ज़ी या अनजान लिंक पर क्लिक न करें, केवल उन साइटों पर अपना कार्ड विवरण दर्ज करें जिनके बारे में आप जानते हैं कि वे वैध हैं, अपने सोशल मीडिया प्रोफ़ाइल की सेटिंग बदलें ताकि केवल करीबी परिचित ही संवेदनशील जानकारी देख सकें, ऑनलाइन गेम खेलने से बचे और सावधानी बरते, संदिग्ध लगे तो अपने बड़ों को बताकर ही उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करें अथवा पुलिस की मदद लें। सूरजपुर पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी आईडी और दस्तावेजों का दुरूपयोग न होने दें। यदि कोई व्यक्ति अपनी आईडी पर फर्जी सिम कार्ड जारी कराता है या मनी म्यूलिंग में शामील होता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। यदि किसी को साईबर ठगी या फर्जी सिम कार्ड से जुड़ी कोई भी जानकारी मिलती है तो तुरंत साइबर हेल्पलाईन नंबर 1930 पर सम्पर्क करें या नजदीकी पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराएं।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 10 एवं 11 को

**सूरजपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सूरजपुर के द्वारा 10 एवं 11 मार्च को समय 11:00 बजे से 3:00 बजे तक कार्यालय परिसर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाना है। जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजक स्वतंत्र माइक्रोफिन प्राइवेट लिमिटेड सूरजपुर छ.ग. के द्वारा फील्ड ऑफिसर के 50 पद एवं कलेक्शन ऑफिसर के 10 पदों का भर्ती किया जाना है। पदो के लिए शैक्षणिक योग्यता 10 वीं उत्तीर्ण है। इच्छुक ऐसे आवेदक जो उपरोक्त योग्यता रखते हैं वे अपने साथ शैक्षणिक योग्यता की अंक सूची निवास, जाति, रोजगार कार्यालय का पंजीयन कार्ड एवं आधार कार्ड आदि की मूल प्रति उक्त पद के लिए पुरुष आवेदक ही पात्र होंगे आवेदक की 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा एवं पासपोर्ट साईज की दो फोटो के साथ उक्त दिनांक को शिविर में उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठा सकते हैं। यह प्लेसमेंट पूरी तरह से निःशुल्क है।

### कलेक्टर ने ली सीएसआर मद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज सीएसआर मद से किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सीएसआर के तहत दिए गए प्रस्तावों पर चर्चा की। उन्होंने सी एस आर मद से किए जा रहे विकास कार्यों की वित्तीय वर्षवार समीक्षा कर निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर चांदनी कंवर, सभी सम्बंधित विभाग के प्रमुख अधिकारी, एस ई सी एल के अधिकारी उपस्थित थे।

### देवीधाम कुदरगढ़ का कलेक्टर ने किया दौरा

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन, ने जिले के ओड़गी विकासखण्ड स्थित देवीधाम कुदरगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए कुदरगढ़ का दौरा किया। इस दौरान डीएफओ पंकज कमल एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू भी उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने सभी स्थलों का राजस्व रिकॉर्ड/फारेस्ट रिकॉर्ड, के साथ निर्माण स्थलों का सघन निरीक्षण किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री जयवर्धन ने देवीधाम में दर्शनार्थियों के लिए सभी सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने देवीधाम क्षेत्र में सभी निर्माण कार्यों को द्रुतगति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कुदरगढ़ महोत्सव के दौरान सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला स्थलों पर साफ-सफाई, पार्किंग व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार राय, डॉ नृपेंद्र सिंह जनपद सीईओ, राजस्व,जनपद और वन विभाग की पूरी टीम उपस्थित रहें।

### जिला स्तरीय पशु मेले का आयोजन 8 को

**सूरजपुर।** जिला स्तरीय पशुमेला का आयोजन विकासखण्ड रामानुजनगर के ग्राम पंचायत तेलाईमुड़ा में 08 मार्च को पशुधन विकास विभाग जिला सूरजपुर द्वारा किया जा रहा है। इस जिला स्तरीय मेला में पशु प्रदर्शनी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए कृषको/पशुपालको से पशुधन विकास विभाग द्वारा अपील किया गया है कि उक्त पशुमेला एवं प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में अपने पशुओं के साथ भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाये। इस पशु मेला में उन्नत संकर वत्स (बछिया), दुधारू गाय, बैल-जोड़ी, भैंसा-जोड़ी, मुर्गी, बतख, जापानी, बटेर, बकरा, बकरी और सुकर प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

### हितग्राही के परिजन को 2 लाख का चेक

**सूरजपुर।** पीएमजेजेबीवाई योजना के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी स्व. मनमेत ग्राम पंचायत भंवराही निवासी के परिजन श्री इतवारू राम को कलेक्टर श्री. एस. जयवर्धन निजी एवं जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू के द्वारा 02 लाख रुपये बीमा क्लेम राशि का चेक दिया गया। मनमेत की मृत्यु 14 अक्टूबर 2024 को हुआ। मृत्यु से पूर्व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत पीएमजेजेबीवाई का बीमा कराया गया था। बिहान के कैडर बीपीएम श्री दिलीप कुमार एक्का, जनपद पंचायत सीईओ श्री नीलेश सोनी एवं शाखा प्रबंधक श्री हेमन्त कुमार उपस्थित थे।

### कक्षा 12वीं के अंग्रेजी की परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न

**सूरजपुर।** हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष-2025 कक्षा 12वीं के विषय अंग्रेजी (020/820) सूरजपुर जिले के निर्धारित 73 परीक्षा केन्द्रों में कुल दर्ज-7643, उपस्थित 7515 एवं अनुपस्थित-128 रहे। समस्त परीक्षा केंद्रों में परीक्षा सफलता पूर्वक संचालित हुई। भारती वर्मा जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों शा.उ.मा.वि. कल्याणपुर, मजिरा, करवां, एवं विश्रामपुर का औचक निरीक्षण किया गया। समस्त केन्द्रों में परीक्षा सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण संचालित होना पाया गया एवं कोई नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया।

### हरविंदन सिंह टिन्नी बने निगम सभापति

**अंबिकापुर।** नगर निगम अंबिकापुर में हरविंदर सिंह टिन्नी में सभापति पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हो गई. कांग्रेस ने अपना कोई उम्मीदवार सभापति पद के लिए नहीं उतारा था. बता दें कि हरमिंदर सिंह टिन्नी महावीर वार्ड के पार्षद है. इसके साथ ही अपील समिति के 4 सदस्यों का भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ. भाजपा पक्ष से सुषमा गुप्ता, विकास पांडेय तथा कांग्रेस से पपिनन्दर सिंह रवि एवं गीता प्रजापति को अपील समिति का सदस्य बनाया गया है.

### विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के लिए आवेदन 9 तक

**सूरजपुर।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 18 से 25 आयु वर्ग के युवा प्रतिभागी माय भारत पोर्टल के माध्यम से 9 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। नोडल अधिकारी एवं जिला संगठक चन्द्र भूषण मिश्र ने बताया कि यह कार्यक्रम जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा। विकसित भारत राष्ट्रीय युवा संसद 2025 के जिला स्तरीय आयोजन के लिए शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर को एम सी बी, कोरिया एवं सूरजपुर जिले के लिए नोडल महाविद्यालय के रूप में नामित किया गया है जहाँ इन तीनों जिलों के प्रतिभागी अपनी सहभागिता करेंगे । इस आयोजन में भाग लेने हेतु प्रतिभागियों को माय भारत पोर्टल पर पंजीयन करने के बाद 1 मिनट का वीडियो अपलोड करना होगा, जिसका विषय है- आपकी दृष्टि में विकसित भारत का क्या अर्थ है। इस विषय पर आने वाले वीडियो के आधार पर 150 उत्कृष्ट प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। इसके बाद चुने गए 150 प्रतिभागियों को नोडल महाविद्यालय सूरजपुर में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर विचार रखने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।इन प्रतिभागियों में से 10 विजेताओं का चयन राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा। तत्पश्चात राज्य स्तरीय कार्यक्रम में से तीन विजेताओं का चयन राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम के लिए किया जाएगा। जिन्हें राष्ट्रीय संसद नई दिल्ली में अपने विचार प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। इन सभी स्तरों पर चयन प्रक्रिया में शिक्षाविद, पत्रकार, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी एवं समाज के अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों को शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से किया जाएगा। नोडल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एच एन दुबे ने तीनो जिलों के युवाओं से इस पुनीत अवसर का लाभ लेते हुए अधिकाधिक संख्या में पंजीयन करने की अपील की है। आयोजन में सहभागिता हेतु विस्तृत दिशानिर्देश mybharat.gov.in एवं महाविद्यालय की वेबसाइट www.govtcollegesurajpur.ac.in पर उपलब्ध हैं। प्रतिभागी पंजीयन पूर्व विस्तृत दिशानिर्देशों का भली भांति अवश्य अध्ययन करें।

# 9 स्थान पर भाजपा समर्थित सदस्यों की जीत, पवन बने जिला पंचायत अध्यक्ष

## अनुकूल वातावरण का मिला लाभ

**कोरबा।** लंबे समय के बाद जिला पंचायत कोरबा में भारतीय जनता पार्टी समर्थित सदस्य को अध्यक्ष पद मिल सका। पौड़ी उपरोड़ा विकासखंड से वास्ता रखने वाले भाजपा नेता डॉक्टर पवन सिंह आप प्रकाशित रूप से निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिए गए। सबसे खास बात यह है कि जिला पंचायत के चुनाव में भाजपा ने उनका समर्थन नहीं किया था।

कोरबा जिले में जिला पंचायत के कुल 12 क्षेत्र शामिल है। तीन चरण में संपन्न हुए निर्वाचन में नौ स्थान पर भाजपा समर्थित सदस्य जीतकर आए। डॉ पवन सिंह के साथ सबसे बड़ी बात यह रही कि उन्हें तीसरी बार क्षेत्र के लोगों ने निर्वाचित किया।

कोरबा जिले में 17 , 20 और 23 फरवरी को तीन चरण में मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई थी। तीनों ही चरण में चार पदों के लिए ग्रामीण जनता ने उत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लिया और नया रिकॉर्ड कायम किया। केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार होने और इससे ठीक पहले नगरी निकाय चुनाव में भाजपा के पक्ष में चली जबरदस्त लहर ने भी अपना असर दिखाया। परिणाम यह हुआ कि ग्रामीण क्षेत्र में लोगों की मानसिकता विशेष रूप से विकास को लेकर बदली और उन्होंने नए तरीके से विचार करते हुए प्रत्याशियों को जीत का रास्ता दिलाया। ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सा से जुड़े डॉक्टर पवन सिंह को अपनी छवि का लाभ एक बार फिर इस चुनाव में मिला जो पहले जिला पंचायत सदस्य चुने गए और अंतिम स्थिति में निर्विरोध अध्यक्ष भी चुन लिए गए। वैसे भी भाजपा समर्थित 9 सदस्यों के जीतने के साथ यह संभावना मजबूत हो गई थी जिला पंचायत में भाजपा की ओर से ही अध्यक्ष बनना तय है। सर्वसम्मति से डॉक्टर पवन को इस पद के लिए प्रस्तुत किया गया। उनके अलावा कांग्रेस ने चुनाव में किसी को प्रत्याशी बनाने की हिम्मत नहीं की।



जिला पंचायत कार्यालय परिसर कोरबा, इनसेट में नए अध्यक्ष पवन सिंह।

### मनोज की रणनीति आई काम

जिला भाजपा अध्यक्ष मनोज शर्मा चुनाव के दौरान बराबर सक्रिय रहे और पूरी गतिविधियों पर नजर रखे रहे। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने क्षेत्र की जानकारी हासिल कर रखी थी, इसका भी काफी लाभ इस चुनाव में प्राप्त हुआ। दोपहर 2:00 बजे से उपाध्यक्ष चयन की प्रक्रिया शुरू होगी। कहा जा रहा है कि यह पर भी भाजपा के खाते में आएगा। इसके लिए तैयारी कर ली गई है।

## भुवनेश्वरी की मौत पति पर आरोप

**कोरबा।** पाली थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका का नाम भुवनेश्वरी था,जिसने दयाशंकर नामक युवक के साथ भागकर विवाह रचाया था। दोनों झोपड़ी बनाकर रहते थे। पूछताछ के दौरान बात पल चली है,कि मृतका गर्भवति थी। सोमवार की रात पति दयाशंकर ने उसे जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया था,जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर मायका पक्ष मौके पर पहुंचा जिन्होंने मृतका के पति पर हत्या का संदेह जताया है। दयाशंकर ने बताया,कि वह बेलगहना का निवासी है और भुवनेश्वर ने ही उस पर विवाह करने का दबाव बनाया था।

## फिजिकल अटेंडेंस का मुद्दा उठा

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा परियोजना में उन्हीं कोयला कामगारों को संडे ड्यूटी दिया जाता है जिनका चार फिजिकल अटेंडेंस होता है। एसईकेएमसी ने चार फिजिकल अटेंडेंस को तीन करने की मांग की है। ताकि कोयला कामगार मिलने वाले छुट्टियों पर अपना दूसरा काम कर सकें । और संडे ड्यूटी मिलने पर कोयला उत्पादन में बढ़ोत्तरी कर सके संडे ड्यूटी करने से कोयला कामगारों को इंसेंटिव का लाभ मिल सकता है। इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए इंटक कार्यलाय में बैठक हुई थी। इस बैठक में गोपाल यादव, डीके मिश्रा ,विकास शुक्ला, छंद राम राठौर, अनिल राठौर, एमपी सिंह, राहुल मिश्रा, सीता राम साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। इस मामले को अध्यक्ष गोपाल यादव ने मुख्यालय में रखा।

## मंडल में कार्यकारिणी बनाने तैयारी शुरू

**कोरबा।** भाजपा के द्वारा सभी मंडलों में अध्यक्ष बना दिए गए है। अब इन मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम होगा। इसके लिए भाजपा के जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा आदेश के इंतजार कर रहे है। दीपक नगर मंडल में वरिष्ठ नेता ज्योति नंद दूबे, मनोज शर्मा, सूर्यप्रकाश शर्मा, राजूप्रजापति , मिलकर सूची बनाएंगे। इसके लिए कार्यकर्ताओं के नाम चिन्हाकित कर रहे । जो कार्यकर्ता अतिसक्रिय है। उसे ही महत्व दिया जाएगा।

## स्कूटी को ठोकने के बाद ट्रक दीवार से भिड़ा, नाबालिग की मौत



**कोरबा।** कोरबा सक्ती मार्ग भैसमा बाजार चौक के समीप तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर स्कूटी को ठोकर मारते हुए दिवाल में टकरा गया। जिसमें स्कूटी सवार नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना कल रात 9 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक बेंदरकोना निवासी परमेश्वर कंवर उम्र 16 वर्ष कल अपने परिजनों के साथ भैसमा के एक कपड़ा दुकान में कपड़ा लेने आया हुआ था वहीं परिजन कपड़ा ले रहे थे। मृत नाबालिग बाहर स्कूटी में बैठकर मोबाइल चला रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रक अचानक से परमेश्वर को ठोकर मारते हुए दीवार से टकरा गया। आनन-फानन में 112 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया जिसमें रास्ते में ही परमेश्वर ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। प्रकरण में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ अगली कार्यवाही की जाएगी।

### जागरूकता अभियान का असर नहीं

जिले में जनवरी महीने में पूरे 31 दिन तक ट्रैफिक पुलिस ने सड़क सुरक्षा माह संचालित किया। कई प्रकार के कार्यक्रम इस अवधि में किए गए। वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के बारे में बताया गया। जन सामान्य में भी चेतना लाई गई। इस पर भी नाबालिग दोपहिया का इस्तेमाल करते नजर आ रहे हैं। इन मामलों में उनके अभिभावक भी लापरवाह बने हुए हैं। पूरे मामले में जब तक कठोर कार्रवाई नहीं होगी, तस्वीर बदलने से रही।

## किसका है जला हुआ शव, तलाश में जुटी पुलिस और साइबर टीम



**कोरबा।** पाली विकासखंड के ग्राम बगदरा अंतर्गत रामटोक जंगल में रामटोक जंगल मे एक युवती की हत्या कर साक्ष्य छुपाने लाश को जलाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।अब तक कोई नतीजे सामने नहीं आ सके हैं।

मंगलवार को दोपहर 12 बजे कोटवार ने इसकी सुचना पाली पुलिस को दी। इसके पश्चात तत्काल पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंची, वही सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट से वैज्ञानिक अधिकारी डॉक्टर सत्यजीत सिंह कोसरिया प्रधान आरक्षक हेमंत चौहान व आरक्षक राजेश कुमार चंद्र घटना स्थल पर पहुंचे। शव का निरीक्षण किया गया। इसके दौरान परिस्थिति जन्य साक्ष्य के आधार पर प्रथम दृष्टया दुपट्टा से गला बांधकर हत्या करने और सबूत मिटाने जैसे संकेत मिले हैं ।चेहरा पूरी तरह जलने से उसकी सिनाखत नहीं हो पाई है। पाली थाना प्रभारी ने बताया लगातार पुलिस टीम जांच में जुटी हुई है जल्द ही मृतक की पहचान और आरोपी को ढूंढ निकालने की बात उनके द्वारा कही जा रही है।

## डिजिटल पेमेंट के बहाने कारोबारी से ठगी की तीन युवकों ने, पुलिस से हुई शिकायत

**कोरबा।** अगर आप डिजिटल लेनदेन करते हैं तो आपको सावधान रहने की जरूरत है।। जमनीपाली मुख्य मार्ग पर कपड़ा व्यवसाय करने वाले प्रियांशु सिंह को 4500 रुपए की चपथ इसी चक्कर में लगी है। बाइक पर आये तीन युवकों ने कपड़े खरीदे और गलत यूपीआई का इस्तेमाल कर आर्थिक नुकसान पहुंचाया। पीड़ित पक्ष में पुलिस थाना दर्री में इसकी शिकायत की है।

युवकों के द्वारा कारनामा करने के बाद भागते समय उनकी दुपहिया का सीरीज जो की सीजी 12 है, कारोबारी देख सका। इससे मालूम हुआ कि घटना को अंजाम देने वाले शातिर बदमाश कोरबा जिले के ही है। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत जमींपाली में मुख्य मार्ग पर प्रियांशु सिंह कपड़े की दुकान करता है। उसने बताया कि कटघोरा की तरफ से तीन युवक बाइक पर यहां पहुंचे थे। उन्होंने अपनी जरूरत के कपड़े खरीदे और 4500 रुपए का भुगतान यूपीआई से किया। काफी हड़बड़ी में युवक नजर आए और वह बिना समय गंवाए यहां से भाग गए। अपने मोबाइल पर धनराशि नहीं आने पर प्रियांशु ने उनका पीछा करना चाहा लेकिन यह प्रयास नाकाम रहा। प्रियांशु ने बताया कि शायद बाइक सवारी तीनों युवक ठगी करने क इरादे से ही यहां पहुंचे थे। उनकी करतूत के बारे में पुलिस को शिकार की गई है। पुलिस ने प्रियांशु की रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है और आसपास मैं लगे सीसीटीवी के जरिए आरोपियों तक पहुंचाने की कोशिश कर रही है।

### सामुदायिक भवन की जरूरत

**कोरबा।** एसईसीएल सुभाष ब्लाक कालोनी में सामुदायिक भवन बनवाने की घोषणा की गई है। जैतखंभ के निकट हुए कार्यक्रम में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए प्रयास करने का दावा सतनाम समिति के सुशील गर्ग, ढाहारू राम और दूज राम मिलन ने किया है।

### बरपाली वार्ड में टैंकर से जल की आपूर्ति

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बांकी मोगरा के अंतर्गत आने वाले बरपाली वार्ड में पेयजल की गंभीर समस्या है। लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए वार्ड पार्षद तेजप्रताप ने एसईसीएल के अधिकारियों से मुलाकात की थी उन्होंने ने बताया था कि खदान क्षेत्र होने के कारण हैडपंप से पानी नही आ रहा है। लोगों को काफी दिक्कते है। टैंकर से जल आपूर्ति करना जरूरी है। एक टैंकर से वर्तमान में जल की आपूर्ति की जा रही है। यह पर्याप्त नही है। जंगल साईड वार्ड के पार्षद राजकुमार मिश्रा ने कहा कि उनके वार्ड में भी काफी समस्या है। कालोनी की साफ सफाई के अलावा पेय जल के लिए भी और अधिक प्रयास किए जाने की जरूरत है। आने वाले दिनों में वार्ड के लोगों से मुलाकात कर समस्याओं को जानने का प्रयास करेंगे।

## एसईसीएल की दो महिला कर्मियों में गाली गलौज, केस दर्ज




**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत केंद्रीय कर्मचारी की दो महिला कर्मचारियों के नाम पुलिस रिकॉर्ड में शामिल हो गए हैं। आपस में दोनों के बीच मारपीट और गाली गलौज हुई। अधिकारियों ने समझे देने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे। दोनों पक्ष पुलिस चौकी मानिकपुर पहुंचे जहां पर उनके द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया की यह घटना एसईसीएल कोरबा के सेंट्रल वर्कशॉप में हुई है। काफी दूरी से यहां आने वाले कर्मचारी दोपहर में भोजन के लिए घर नहीं जाते हैं बल्कि मौके पर ही इसकी व्यवस्था करते हैं। समय और श्रम की बचत करना इसका उद्देश्य होता है। खबर के अनुसार लंच टाइम होने पर वर्कशॉप में एक ही क्षेत्र की दो महिला कर्मचारी अपना टिफिन खोल रही थी। तभी किसी बात को लेकर उनमें न केवल गलतफहमी हुई बल्कि शुरुआती बहस बाजी के बाद मामला गाली गलौज तक पहुंच गया। यहां दोनों ने एक दूसरे को अभद्र शब्द कहे। इसके बाद उनके बीच मारपीट भी हुई। घटना में दोनों को सामान्य चोट आई है। घटनाक्रम के दौरान संस्थान के कमी और अधिकारियों ने हस्तक्षेप करने की कोशिश की लेकिन कोई असर नहीं हुआ। घटना को लेकर दोनों महिला कर्मियों के द्वारा मानिकपुर चौकी पहुंचकर रिपोर्ट्स दर्ज कराई गई जिस पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत अपराध पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस ने कहा की इस मामले में नियमानुसार आगे की प्रक्रियाएं की जाएगी।

## लेन-देन के आरोप से गरमाई कांग्रेस की राजनीति, क्या होगी कार्रवाई?

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव को लेकर खास बात यह रही कि पूरे छत्तीसगढ़ में इकलौती कोरबा सीट कांग्रेस के खाते में गई और इस कारण से उसकी प्रतिष्ठा बच सकी। लोकसभा चुनाव को लगभग एक वर्ष होने जा रहे हैं लेकिन चुनावी परिदृश्य को लेकर अब कांग्रेस में ही तूफान खड़ा हो गया है। कटघोरा में नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कांग्रेस के दो नेताओं में लेन-देन के आरोप का वीडियो बड़े स्तर पर वायरल हो रहे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या कांग्रेस संगठन इस मामले में कोई एक्शन लेगा।

कटघोरा में सांसद ज्योत्सना महंत और अन्य नेताओं की उपस्थिति में यह हंगामा हुआ। यहां चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय से रुपए लेने को लेकर जमकर विवाद हुआ। इस दौरान सफाई भी देनी पड़ी कि इस प्रकार का काम नहीं किया गया है। लेकिन मामले ने तूल पकड़ लिया है। मौके पर मौजूद लोगों ने इस हंगामे को मोबाइल पर शूट किया और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर दिया। यह मामला हर कहीं छाया हुआ है। इसे लेकर अब इस प्रकार की चर्चाएं तेज हो गई है कि क्या कांग्रेस शीर्ष संगठन



सार्वजनिक रूप से इस प्रकार के आरोप और हंगामे पर कार्रवाई करेगा। आधार बताया जा रहा है कि नगरीय निकाय चुनाव में कई प्रकार की चीजें सामने आईं। राजनांदगांव से लेकर दुर्ग और बिलासपुर जिले में ऐसे कई मामले प्रकाश में आए जिनमें नेताओं पर दूसरे के लिए काम करने के आरोप लगे। रतनपुर में तो कांग्रेस के ही कार्यकर्ताओं ने कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव का पुतला जलाकर नाराजगी व्यक्त की। कार्यक्रताटों का कहना है कि बड़े नेताओं के चक्कर में पार्टी का सुपड़ा साफ हो गया है और कई प्रकार के सवाल उठ खड़े हो रहे हैं।

### अध्यक्ष राज जायसवाल सहित 15 पार्षदों ने ली शपथ

## नगर पालिका परिषद कटघोरा में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**कटघोरा।** नगर पालिका परिषद कटघोरा में सोमवार शाम 4 बजे शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल और नगर के 15 वार्डों के नवनिर्वाचित पार्षदों ने को एसडीम रोहित सिंह ने गोपनीयता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती ज्योत्सना महंत कोरबा लोकसभा सांसद विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रेमचंद पटेल कटघोरा, पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व विधायक बोधराम कंवर, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम लाल कंवर, राजकिशोर,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ललिता डिक्सेना, सुरेंद्र प्रताप जायसवाल, हरीश परसाई, रामगोपाल डिक्सेना, राजीव लखन पाल, टकेश महाराज और अशरफ मेमन मंच पर उपस्थित रहे।

राज जायसवाल ने कटघोरा नगर पालिका परिषद के नए अध्यक्ष के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद उन्होंने नगर के विकास और जनहित के कार्यों



को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। राज जायसवाल ने कहा कि वे स्वच्छता अभियान, सड़क सुधार, जल आपूर्ति और बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने नगरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी पार्षदों के साथ मिलकर कटघोरा को एक आधुनिक और समृद्ध नगर बनाने के लिए कार्य करेंगे।

एसडीएम रोहित सिंह ने पार्षद श्रीमती राजेश्वरी यात्रा ,हरीश कुमार यादव, किशोर दिवाकर, राजू दास महंत, मधु लता कश्यप, पवन अग्रवाल, संतोषी कंवर, लाल बाबू, संजय अग्रवाल, सुनीता जायसवाल,निसार अहमद, लक्ष्मी खैरवार, शिवमती पटेल, रमेश पटेल और अजय गर्ग को शपथ दिलाया।

शपथ ग्रहण के बाद नगरवासियों ने अध्यक्ष राज जायसवाल और सभी पार्षदों से मुलाकात कर अपनी उम्मीदें साझा कीं। अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि वे जल्द ही सभी वार्डों का दौरा कर जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर के विकास के लिए एक कार्य योजना तैयार की जाएगी, जिसमें सभी पार्षदों की भागीदारी सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम में राजीव लखन पाल, तहसीलदार भूषण मंडावी, तहसीलदार प्रियंका राठौर, इस्तियाक, अभिषेक गर्ग, भावना जयसवाल, मुरारी महाराज, राहुल डिक्सेना, आकाश शर्मा, आशुतोष शर्मा, गोरेलाल आदि मौजूद रहे।

## नीर गुप्ता का निधन

**कोरबा।** कटघोरा रोड स्थित गुप्ता प्रिंटर के संचालक मनोज गुप्ता, विनोद गुप्ता की माता श्रीमती नीर गुप्ता उम्र 60 वर्ष का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया।



वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन से परिवार जनों में शोक व्याप्त है। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर 2:00 बजे दीपका मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान से प्रारंभ होकर मुक्तिधाम पहुंचेगी। श्रीमती नीर गुप्ता के निधन की सूचना मिलते ही स्थानीय व्यापारी, समाजसेवी और अन्य गणमान्य लोग शोक व्यक्त करने उनके निवास पहुंचे।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com